इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 अंक -152 राजनांदगांव, शुक्रवार 19 अप्रैल 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

स्वस्तिक ऑफसेट & स्क्रीन प्रिंट
उत्कृष्ट एवं कलात्मक छपाई हेतु...
पता : बल्देव बाग, राजनांदगांव मो. 93004-14726

फिर एक बार मोदी सरकार
महतारी वंदन योजना के अंतर्गत
प्रदेश की महिलाओं को सालाना
मिल रहा ₹12000
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान की तैयारी पूरी, 1605 प्रत्याशी के भविष्य का फैसला करेंगे

नयी दिल्ली। आम चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) में 102 संसदीय सीटों के लिए शुक्रवार सुबह सात बजे मतदान शुरू होगा। जिसके लिए चुनाव अधिकारी मतदान केन्द्रों पर पहुंचा दिये गये हैं। पहले चरण में लोक सभा के साथ साथ अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा कुल 92 सीटों के लिए भी मतदान कराये जाएंगे। चुनाव आयोग ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए हैं और उम्रदराज और दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। लोकसभा के पहले चरण के चुनाव में 16.63 करोड़ मतदाता केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल सहित कुल आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल 1605 प्रत्याशी के चुनावी भविष्य का फैसला करेंगे।

आयोग की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कल सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान कराया जाएगा। आयोग के अनुसार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों पर मतदान के समय अलग-अलग भी हो सकते हैं। इसके लिए सभी मतदान केन्द्रों पर चुनाव कराने वाली अधिकारियों की टीमें ईवीएम मशीनों के साथ पहुंचा दी गयी हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने आम चुनाव-2024 के पहले चरण के मतदान दिवस की पूर्व संध्या पर देश के 97 करोड़ मतदाताओं के नाम संदेश में कहा, आप अपना वोट डालें और 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के उत्सव में भाग लें। निर्वाचन आयोग ने चुनाव को सहभागिता के साथ स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तथा प्रलोभन मुक्त रखने और इसके लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। आयोग इन चुनावों के लिए पिछले दो वर्षों से तैयारी कर रहा है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त कुमार और निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और श्री सुखबीर सिंह संधू ने चुनाव की तैयारी को अंतिम रूप दिया।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

बस्तर में आज सुबह से वोटिंग, नक्सली इलाकों में कड़ी सुरक्षा

रायपुर। छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट के लिए पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा क्षेत्र है। इनमें कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। जबकि बस्तर और जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात से शाम पांच बते तक मतदान होना है। इस सीट की चुनावी रण में कुल 11 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमाने उतरे हैं। हालांकि, कांग्रेस के कवासी लखमा और भाजपा के प्रत्याशी महेश कश्यप के बीच सीधा मुकाबला है। इस बार 14 लाख 72 हजार मतदाता अपना वोट डालेंगे। मतदान के लिए इस बार 1961 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जो मतदान केंद्र संवेदनशील जगहों पर हैं वहां पर हेलीकाप्टर की मदद से मतदान दलों को पहुंचाया गया है।

आप विधायक अमानतुल्लाह खान अरेस्ट, ईडी ने दिल्ली वक्फ बोर्ड घोटाले में की कार्रवाई

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. शराब नीति केस में कथित घोटाले को लेकर पहले डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया गिरफ्तार हुए. फिर ष्टरू अरविंद केजरीवाल को ईडी ने कस्टडी में लिया. अब ,क्क के एक और विधायक की गिरफ्तारी की खबर है. इंडी के सूत्रों के मुताबिक, वक्फ बोर्ड नियुक्ति घोटाले में आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार किया गया है. सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अमानतुल्लाह खान गुरुवार (18 अप्रैल) को ईडी के सामने पेश हुए थे. श्वष्ठ दफ्तर में करीब साढ़े 9 घंटे उनसे पूछताछ हुई, जिसके बाद एजेंसी के अधिकारियों ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया.

अमानतुल्लाह खान ओखला से विधायक हैं. 2020 में आम आदमी पार्टी ने ओखला से अमानतुल्ला खान को फिर से मैदान में उतारा था. इस चुनाव में उनकी जीत हुई. अमानतुल्ला खान अक्सर विवादों में घिरे रहे हैं.

ओखला विधानसभा में वो अक्सर विपक्षी दलों के निशाने पर भी रहे. अमानतुल्ला खान पर आरोप है कि दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने 32 लोगों को अवैध रूप से भर्ती किया. इसके साथ ही उन्होंने अवैध रूप से दिल्ली वक्फ बोर्ड की कई संपत्तियों को किराए पर दिया है. ,क्क विधायक पर ये भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने दिल्ली वक्फ बोर्ड के फंड का गलत इस्तेमाल किया है. दिल्ली वक्फ बोर्ड के तत्कालीन ष्टश्वह्र ने इस तरह की अवैध भर्ती के खिलाफ बयान जारी किया था. जांच के दौरान अमानतुल्लाह के करीबियों के ठिकानों से कैश बरामद हुए थे.

अवाम के लिए अमानतुल्लाह ख़ान का संदेश

ईडी की तरफ से विधायक अमानतुल्लाह खान को 6 समन भेजे गए थे. समन मिलने के बाद भी अमानतुल्लाह खान ईडी के सामने पेश नहीं हुए थे. उनकी तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई गई थी, जिसे कोर्ट ने यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि विधायक होने के आधार पर आपको कोई छूट नहीं दी सकती. कानून सबके लिए बराबर होता है. इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि ईडी के समन को बार-बार नजरअंदाज करना गलत है.

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

भूपेश ने नक्सलियों के एनकाउंटर को फर्जी बताकर जवानों के शौर्य का अपमान किया - विजय शर्मा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने 29 नक्सलियों के मारे जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा इस एनकाउंटर को फर्जी बताने को जवानों के शौर्य का अपमान बताया है। श्री शर्मा ने सवाल किया, जिन घायल जवानों से मैं अस्पताल में मिलकर आया हूँ, क्या वह भी फर्जी है, बघेल को इस बात का जवाब देना होगा। बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि 29 नक्सलियों का एनकाउंटर डीआरजी, सीआरपीएफ , बस्तर फाइटर, सीएफ , पुलिस विभाग के अधिकारियों और बहादुर जवानों के साहस और रणनीति का कमाल है।

हमें उन पर गर्व है। यह प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा एनकाउंटर है। बघेल अपने झूठ और जवानों के अपमान के लिए जवानों और प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें, अन्यथा जनता उन्हें माफ नही करेगी। उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यह वर्दीधारी सारे-के-सारे 29 लोग बंदूकधारी थे। उनके पास से एसएलआर, इंसास, एके-47, 303 राइफल्स, यह सब मिले हैं। भूपेश बघेल बताएँ कि क्या यह सब गलत है? पूरे समाज में इस तरह का भ्रम फैलाने की कोशिश एकदम गलत है।

बघेल ने अपने शासनकाल में ढाई सौ सड़के बनाने के लिए कभी ध्यान नहीं दिया। 90 से अधिक पुल-पुलिया बनाने पर ध्यान नहीं दिया। कभी किसी ऑपरेशन के लिए भी पहल नहीं की। जब भाजपा के कार्यकर्ताओं की हत्या होती रही, आम ग्रामीण की, अन्य लोगों की हत्या होती रही तो घड़ियाली आँसू बहाते रहे और आज इस तरह झूठ फैला रहे हैं। श्री शर्मा ने कहा कि नक्सली दलम ने पत्र जारी कर स्वीकार किया है कि हमारे अब तक 50 से ज्यादा साथी मारे गए हैं और पुलिस ने भी यही आँकड़ा जारी किया था। जवानों ने जान की बाजी लगाकर यह काम किया है। श्री शर्मा ने इसके प्रमाण के तौर पर नक्सलियों

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

- ० उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा - नक्सली दलम ने स्वीकार किया कि हमारे साथी मारे गए और बघेल फर्जी एनकाउंटर बताकर झूठ फैला रहे हैं
- ० बघेल प्रदेश से बिना शर्त माफी मांगें

खड़गे-राहुल का बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार पर हमला

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बेरोजगारी को लेकर मोदी सरकार पर करारा हमला किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार हालात नहीं बदल सकती इसलिए देश की जनता को परिवर्तन के लिए कांग्रेस को वोट देना चाहिए। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि देश का प्रधानमंत्री कमजोर है और बेरोजगारी का हल मोदी सरकार के पास नहीं है।

श्री खड़गे ने कहा, बेरोज़गारी नहीं, परिवर्तन चुनिए। कांग्रेस को वोट दीजिए। हाथ बदलेगा हालत। श्री गांधी ने कहा, 'न भर्तियां, न रोज़गार, हर पेपर लीक है, कुछ भी नहीं ठीक है, क्योंकि देश का प्रधानमंत्री वीक है। हाथ बदलेगा हालात।

कांकेर मुठभेड़ : मोहला-मानपुर में सक्रिय 4 नक्सली भी हुए ढेर, माओवादी संगठन ने जारी किए अपने मृत साथियों के नाम

हिड़मे मरकाम

विनोद गावड़े

राकेश

राजनांदगांव (दावा)। मोहला-मानपुर जिले में सक्रिय 12 लाख के इनामी चार नक्सली भी कांकेर जिले के कलपर में हुई मुठभेड़ में मारे गए हैं। पुलिस ने नक्सलियों की पहचान कर ली है। मारे गए नक्सलियों में दो पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक, कुछ और नक्सलियों की शिनाख्ती की जा रही है। गोली लगने से नक्सलियों की पहचान नहीं हो पा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में विनोद घावडे, राकेश, रीता सलामे और हिड़मे मरकाम की पुलिस ने पहचान कर ली है। कांकेर में मोहला-मानपुर से आत्मसमर्पित नक्सलियों की एक टीम पहचान के लिए पहुंची थी। चार नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है।

विनोद घावडे, रीता सलामे पर था 5-5 लाख का इनाम

मिली जानकारी के मुताबिक मारे गए नक्सलियों में विनोद घावडे और रीता सलामे पर 5-5 लाख रुपए का इनाम था। वहीं हिड़मे मरकाम और राकेश पर एक-एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। ये लंबे समय से संयुक्त रूप से मोहला, मदनवाड़ा और औंधी क्षेत्र में सक्रिय थे। सूत्रों का कहना है कि, राजनांदगांव-कांकेर बार्डर डिवीजन के नक्सलियों को माड़ में एक अहम मीटिंग में शामिल होने के लिए बुलाया गया था। जिसमें उत्तर बस्तर डिवीजन के अलग-अलग क्षेत्रों के कुख्यात नक्सली भी मौजूद थे।

पुलिस को लंबे समय से थी इनकी तलाश

बताया जा रहा है कि, मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के नक्सलियों के मारे जाने से इस इलाके में शांति कायम करने में आसानी होगी। इन नक्सलियों की स्थानीय पुलिस को लंबे समय से तलाश थी। पुलिस घटना से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जानकारी जुटा रही है।

(शेष पृष्ठ 6 पर...)

सुप्रीम कोर्ट में केन्द्र सरकार ने नरसिम्हा राव सरकार की प्रशंसा की

नई दिल्ली। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की वर्तमान केन्द्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बहुत तारीफ की है। 1991 में देश को आर्थिक संकट में से बाहर लाने को लेकर मनमोहन सिंह के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार की भी तारीफ की थी। मनमोहन सिंह उस समय देश के वित्तमंत्री थे और आर्थिक उदारीकरण बाबत ऐसे निर्णय लिए थे कि देश का आर्थिक तंत्र पटरी पर आ गया था। फलस्वरूप, अनेक वर्षों तक उसमें सुधार देखने को मिला था।

केन्द्र सरकार की ओर से उपस्थित सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाय चन्द्रचुड़ के नेतृत्व में गठित नौ न्यायाधिशों की बैंच के समक्ष दोनों पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह की जमकर प्रशंसा की थी। आगे कहा था कि इन दोनों नेताओं के द्वारा आर्थिक सुधारों के लिए जो कदम उठाए गए, उसमें अनेक कानूनों को स्वतंत्रता मिली थी। जिसमें कम्पनी कानून, ट्रेड प्रेक्टिसिस एक्ट, एमआर टी पी का भी समावेश होता है। 1991 के समय में हुवे सुधारों से लाइसेंस राज खत्म हुआ था। यद्यपि, उसके बाद के तीन दशकों की सरकारों के द्वारा इन्डस्ट्री डेवलपमेंट एण्ड रेग्युलेशन का 1951 के कानून में कोई सुधार करना जरूरी नहीं समझा।

यह प्रशंसा ऐसे समय की गई जब सुप्रीम कोर्ट ने इड्रा (इन्डस्टी) 1951 कानून की आलोचना की गई थी। सुप्रीम ने इस कानून की पूरातन पंथी और लाइसेंस राज युग की पुरातन पंथी और लाइसेंस राज युग की प्रतिबंधात्मक नीतियों का संकेत बताया था। 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार संकट का सामना करते समय तत्कालीन नरसिम्हा सरकार ने तीन परिवर्तनकारी निर्णय लिए जिसे वैश्वीकरण, उदारीकरण और निजीकरण के रूप में जाना जाता है।

मनमोहन सिंह-नरसिम्हा राव के आर्थिक सुधारों के कारण लाइसेंस राज खत्म हुआ

नक्सलियों के खात्मे से पहले कांग्रेस का खात्मा जरूरी, बस्तर में वोटिंग से पहले सीएम विष्णु ने कहा

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर में वोटिंग से कुछ घंटे पहले बड़ा बयान दिया है। सीएम ने दो टूक लहजे में कहा है कि नक्सलियों को शहीद बताने वाले, 29 नक्सलियों के मुठभेड़ में मारे जाने को फर्जी एनकाउंटर बताने वाले और मुठभेड़ की जांच की मांग करने वाले कांग्रेसी अब यह साफ-साफ जान लें कि बस्तर की जनता विकास की समर्थक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया कि नक्सलियों के खात्मे के लिए कांग्रेस का खात्मा जरूरी है और इसकी शुरुआत बस्तर की जनता कल 19 अप्रैल को करने जा रही है।

नक्सलियों को पाल रही कांग्रेस

मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट किया कि कांकेर मुठभेड़ को लेकर जिस तरह के बयान कांग्रेस नेताओं ने दिए हैं, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि नक्सलियों को पाल-पोसकर संरक्षण देने का काम कांग्रेस हमेशा करती रही है जो अब बस्तर की जनता कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ महतारी के निर्दोष बेटों के खून से बस्तर की धरती को लाल किया है।

नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई जारी

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लोकसभा के इस चुनाव में कांग्रेस के सफाए के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार नक्सलियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ने जा रही है। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बहुत जल्द छत्तीसगढ़ के नक्सलवाद से मुक्त कराएगी। साय ने कहा कि नक्सलियों के सबसे सुरक्षित किले में घुसकर एक साथ 29 नक्सलियों को मार गिराना ऐतिहासिक सफलता है। नक्सलियों पर की गई यह सबसे बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक है।

दीक्षा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
सभी प्रकार के टाईल्स, मार्बल ग्रेनाईट, कोटा, पत्थर उपलब्ध एवं फिटिंग सुविधा उपलब्ध
नोट- नेरोलेक वाटर प्रूफ का कार्य किया जाता है
पता : पाटीदार भवन के बाजू में, जी.ई. रोड, राजनांदगांव,
मो.नं. 8269949909, 8234045745

कांग्रेस विरुद्ध भाजपा: वर्तमान सरकार में 'ईडी' को खुली छूट

पिछले 10 सालों में ईडी के छापे 86 गुना और जप्ती 25 गुना बढ़ी

नई दिल्ली । पिछले 10 सालों में भाजपा के शासन काल में केन्द्रीय जांच एजेंसी ईडी के छापे और सम्पत्ति की जप्ती के प्रमाण में पूर्व की कांग्रेस की तुलना में बड़ा उछाल आया है। प्राप्त आंकड़े के अनुसार पिछले 10 सालों में मनी लांड्रिंग के कानून अधीन ईडी के छापे 86 गुना बढ़ गए हैं। जब कि, इस समय के दौरान सम्पत्ति जप्त करने का प्रमाण भी 25 गुना बढ़ गया है। यह आंकड़े पूर्व की यूपीए सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल की तुलना के अवलोकन बाद आए हैं।

कांग्रेस राज में 29 की गिरफ्तारी, 5086 करोड़ की सम्पत्ति जप्त, भाजपा राज में 755 की गिरफ्तारी और 1,12,618 करोड़ की सम्पत्ति जप्त

प्राप्त जानकारी के अनुसार ईडी की कार्यवाही के आंकड़ों का अवलोकन किया गया था। इस अध्ययन के अनुसार अप्रैल 2014 से मार्च 2024 के आंकड़ों की तुलना जुलाई 2005 से मार्च 2014 तक की की गई है। यूपीए और एनडीए सरकार के 10-10 वर्षों के कार्यकाल के दौरान ईडी की कार्यवाही के आंकड़ों की तुलना करें तो पिछले 10 वर्ष याने कि भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान की ईडी की सक्रिय भूमिका ज्यादा रही।

मनी लांड्रिंग का कानून 2002 में बनाया गया था। जिसे जुलाई, 2005 के दिन लागू किया गया था। यह कानून टैक्स की चोरी रोकने, काला धन, बेहिसाबी सम्पत्ति इत्यादि के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए बनाया गया था।

विपक्ष का आरोप है कि वर्तमान केन्द्र सरकार विरोधियों को दबाने ईडी का दुरूपयोग कर रही है। ईडी ने पिछले 10 साल के भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान 5155 मामले दर्ज किए गए हैं। जबकि पूर्व कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए के 10 वर्ष के शासन में 1797 मामले थे। वर्तमान सरकार याने भाजपा का आंकड़ा तीन गुना अधिक है। भाजपा सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में ईडी के मनी लान्ड्रिग मामले में 7264 छापे पड़े थे। जब कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छापों का यह आंकड़ा केवल 84 था। याने कि, छापों(रेड) में सबसे बड़ा 86 गुना की बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। पिछले वित्तीय दस वर्ष के दौरान ईडी ने 15710.96 करोड़ रूपयों की सम्पत्ति की जप्ती के लिए अदालत की अनुमति प्राप्त की थी। ईडी ने पिछले 10 सालों में 755 लोगों को गिरफ्तार किया था और 1,21,618 करोड़ की सम्पत्ति जप्त की थी।

जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में गिरफ्तार किए जाने वालों की संख्या केवल 29 थी। साथ ही, जप्त की गई राशि केवल 5086 करोड़ रूपए थी। याने कि, ईडी के द्वारा की गई गिरफ्तारी का आंकड़ा 26 गुना अधिक और जप्त की गई सम्पत्तियों का आंकड़ा 24 गुना अधिक देखने को मिला है।

पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता - संतोष पाडे

उतिष्ठ राघवम कहकर आज अयोध्या में जगाये गए रामलला

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे पिछले दो दिनों से कबीरधाम जिले के सुदूर अंचलों का व्यापक दौरा करने के पश्चात आज फिर जिले में आकर डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र में गाँव-गाँव गली-गली घूमकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में रामनवमी के अवसर पर संसदीय क्षेत्र की जनता को रामनवमी राम जन्मोंत्सव की बधाई देते हुए कहा कि पूरे भारत वर्ष में सांस्कृतिक धरोहरों का विकास मोदी सरकार की प्राथमिकता में हैं। आज अयोध्या में 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद वह शुभ दिन आया हैं जब भगवान श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में पहला जन्मोंत्सव मनाया गया।

श्री पांडे ने कहा कि सदियों बाद आज रामनवमी को अभिजीत मुहूर्त में श्री रामलला का राजोपचार पूजन हुआ, आज तड़के ही उतिष्ठ राघवम् कहकर रामलला को जगाया गया, चांदी सोने के रथ, हाथी, घोड़े, अस्त्र-शस्त्र उन्हे समर्पित किया गया। वाध्य यंत्रों की मधुर ध्वनि के बीच नृत्य व गीत हुआ, वेदों पुराणों का पाठ हुआ, भगवान के जन्मोंत्सव के पश्चात चार वेदों की सभी शाखाओं का पाठ सुनाया गया।

सोने-चांदी के बर्तनों में 106 प्रकार के भोग अर्पित हुए, सबसे खास अवससर श्री रामलला के सूर्याभिषेक का हुआ, ठीक 12 बजकर 16 मिनट पर श्री रामलला के माथे पर सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक सूर्य तिलक किया। ऐसा नयनाभिराम दृश्य पूरे संसार ने देखा जिससे करोडों राम भक्तों का सीना गर्व से चौड़ा हो रहा हैं। श्री पांडे ने आगे कहा की सनातन के इस वैभव के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि का ही परिणाम था जो विवाद पिछले 500 वर्षों से अनसुलझा हुआ था, तमाम प्रयासों के बावजूद हल नहीं हो रहा था। जिसे मोदी जी ने सहजता से हल करके देश का गौरव बढ़ाया। आज अयोध्या के विकास के लिए करोड़ों-करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं, पूरे विश्व भर से लाखों दर्शनार्थी श्री रामलला का दर्शन प्रतिदिन कर रहे हैं। केवल अयोध्या ही नहीं बल्कि मोदी सरकार ने देश के कई धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार करके देश की सनातन संस्कृति का वैभव बढ़ाया हैं। काशी विश्वनाथ कारीडोर आज भारत का दूसरा सबसे बड़ा कारीडोर बन गया हैं। सन 1735 में इंदौर की महारानी देवी अहिल्या बाई के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मंदिर का पुनर्निर्माण कराया हैं। इतना ही नहीं देवभूमि उत्तराखंड के लिए चारधाम परियोजन शुरु की गई हैं इस परियोजना के तहत गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ धाम को जोड़ने वाली विशेष सड़कों का निर्माण किया जा रहा हैं जो हर मौसम मे आवागमन के लिए सुरक्षित एवं सुविधाजनक होंगे केदारनाथ धाम में आदि गुरु शंकराचार्य की भव्य मूर्ति का अनावरण किए गया हैं। इसके अलावा ऋषिकेश को भी रेलमार्ग से जोड़ने का कार्य हो रहा हैं सोमनाथ मंदिर के भी पुनर्निर्माण के लिए विभिन्न योजनाएं चल रही हैं।

श्री पांडे आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर के विस्तारित क्षेत्र में महाकाल लोक का निर्माण कराया जो आकर्षक एवं दर्शनीय हैं। इसी तरह हैदराबाद में ग्यारहवी सदी के हिन्दू संत रामनुजाचार्य की 216 फिट ऊंची स्टैचु ऑफ इक्केलिटी राष्ट्र को समर्पित की गई हैं। श्री पांडे ने कहा कि कश्मीर जिसे कांग्रेस ने अपनी नीतियों से जटिल बना दिया था, वहां भी मोदी सरकार ने धारा 370 हटाने के बाद श्रीनगर के कई पुराने मंदिरों का पुनर्निर्माण प्रारंभ किया हैं सबसे पहले झेलम नदी के किनारे बने रघुनाथ मंदिर का फिर से निर्माण कराया गया हैं कश्मीर घाटी में आभी 952 मंदिर हैं जिनमे 740 मंदिर जीर्णशीर्ण हालत में हैं जिनके नवीनीकरण की योजना बनी हैं श्री पांडे ने आगे कहा कि मोदी सरकार ने देश में ही नहीं बल्कि विदेशी जमीन पर भी भारत की सांस्कृतिक परम्परा की छाप दिखाई दे रही हैं। मोदी सरकार ने मनामा व आबूधाबी में भगवान कृषण श्रीनाथ के पुनर्निर्माण के लिए 4.2 मिलियन डालर देने का ऐलान किया हैं जिससे विदेशों में भी हिन्दू संस्कृति का गौरव बढ़ेगा। श्री पांडे ने आज डोंगरगाँव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करमतरा, किरगी, बढ़गाँव चारभाठा, खुज्जी, मनेरी, दीवान भेड़ी, मारगाँव, मचानपार, बोदेला, आरगाँव, बाकल, रामपुर, घोरदा, अर्जुनी में जनसम्पर्क करते हुए चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान जिले के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उनके साथ उपस्थित थे।

पहला कॉलम...

युगांतर के मानविक राज्य स्तरीय कराटे में प्रथम

राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल के मानविक सेठिया ने राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप में प्रथम आकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता दिशा पब्लिक स्कूल रायपुर में 13 अप्रैल से 14 तक आयोजित हुई, जिसमें रायपुर के अलावा राजनांदगाँव, भिलाई, दुर्ग और राज्य के अन्य जिलों के लगभग 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि मानविक ने अध्ययन के साथ साथ कराटे के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने माता-पिता का गौरवान्वित किया है। उक्त छात्र ने कराटे के अन्तर्गत कुमाटे फाइटिंग में शानदार प्रदर्शन करके अंडर-6 आयु वर्ग में गोल्ड मैडल प्राप्त किया। संस्था के प्राचार्य डॉ मधु पोनुगोटी, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स तथा स्पोर्ट्स) सुशील कोठारी, अजय सिंगी, नरेंद्र कोटड़िया, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, कराटे प्रशिक्षक टुकेश्वर चंद्राकर, प्राइमरी के सेक्शन इंचार्ज श्वेता मूंदड़ा, कक्षा शिक्षक परमजीत ठाकुर सहित युगांतर परिवार ने छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

भाजपा प्रत्याशी संतोष पाडे आज खैरागढ़ व कबीरधाम क्षेत्र में

राजनांदगाँव(दावा)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क अभियान के माध्यम से भाजपा के कमल फूल निशान के लिए आशीर्वाद मांग रहें हैं। श्री पांडे कल दिनांक 19 अप्रैल शुक्रवार को अपने जनसम्पर्क अभियान को लेकर खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के साल्हेवारा मण्डल के आधा दर्जन ग्रामों में तथा इसके पश्चात कबीरधाम जिले के रेंगाखार मण्डल के डेढ़ दर्जन ग्रामों में जनसम्पर्क करते हुए जनसभाओं को संबोधित करेंगे। जनसम्पर्क अभियान का शुभारंभ सुबह 9.30 बजे खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पैलीमेटा से करेंगे। भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे सुबह 9.30बजे अपने जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत पैलीमेटा में ग्रामीणजनों से मुलाकात करते हुए चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात मोहगाँव, चोभर, आमगाँव, भांजीडोगरी होते हुए कबीरधाम जिले के रेंगाखार मण्डल के ग्राम खारा, उसर्वाही, खम्हरिया, तितरी, बरबसपुर, समनापुर, झलमला, शीतलपानी, सिवनी, चिल्फ़ी पहुचेंगे एवं जनसम्पर्क कर चुनावी सभा को संबोधित करेंगे तथा आम मतदाताओं को कमल फूल छाप का बटन दबाने का आवाहन करेंगे। इस दौरान जिले व विधानसभा क्षेत्र के अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उनके साथ उपस्थित रहेंगे। वे रात्रि विश्राम कवर्धा में करेंगे।

भाजपा का संकल्प पत्र देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित–लीलाधर साहू

कहा – पूरा भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर कर रहे हैं विश्वास

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व राजनांदगांव विधानसभा के सह प्रभारी लीलाधर साहू ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र एनडीए सरकार की उपलब्धियों और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का दृष्टिकोण प्रस्तुत करने वाला है। भारतीय लोकतंत्र के विश्वास का प्रतीक है। पूरा भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पर विश्वास कर रहा है। कांग्रेस के नेता भाजपा प्रवेश कर रहे हैं। देश निश्चित तौर पर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु जारी संकल्प पत्र को लेकर उन्होंने कहा कि मोदी के गारंटी में भाजपा ने गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति पर फोकस किया है। भाजपा की थीम है 'बीजेपी का संकल्प, मोदी की गारंटी' जिसमें देश के सभी वर्गों के विकास की बातें समाहित है। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को और इसमें अधिक से अधिक लक्ष्य रखा गया है। भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं, अब 3 करोड़ और गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा। इसके साथ ही 3 करोड़ महिलाओं के लिए लखपति दीदी की योजना चलेगी। संकल्प पत्र में विकसित भारत के 4 मजबूत स्तंभ युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान, इन सभी को सशक्त करता है। पिछले 10 वर्ष, नारी गरिमा, नारी को नए अवसरों को समर्पित रहे हैं। आने वाले पांच वर्ष नारीशक्ति की नई भागीदारी के होंगे। श्री साहू ने आगे कहा कि संकल्प पत्र में मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आने वाले 5 साल तक जारी रहेगी। हम ये सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो ताकि एक स्वस्थ्य भारत और गरीब मुक्त भारत का संकल्प पूरा हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं के जरिए 10 सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला, जो कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। 70 साल से ज्यादा उम्र का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा अब मुद्रा लोन योजना के तहत मिलने वाले लोन को 10 लाख से 20 लाख रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा निवेश को बढ़ावा देने और उद्योगों की स्थापना के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। आज भारत में गांवों में सड़कों की अधोसंरचना में क्रांतिकारी कार्य हुए हैं। 60,000 नए गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है और बारहमासी सड़कें बनाई गई हैं। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि गांव सशक्त होंगे या ऑप्टिकल फाइबर गांव तक पहुंचेगा। रक्षा, उद्योग, स्वास्थ्य, संचार, विरासत को सहेजने के लिए अद्वितीय योजना लागू की जाएगी, जिससे देश में रोजगार के साथ भारत की विकास दर तेजी से अग्रसर होगी।

नारी न्याय के महालक्ष्मी योजना से डर गयी भाजपा - भागवत साहू

कहा – भाजपा कांग्रेस के महालक्ष्मी योजना के बारे में फैला रही है भ्रम

राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि नारी न्याय के फार्म के बारे में महालक्ष्मी योजना के बारे में भाजपा की झूठी बयानबाजी बता रही है कि इस फार्म के कारण भाजपा डर गयी है। यह महिलाओं को उनका अधिकार देने के लिये किये जाने वाला वादा है। कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में प्रमुखता से वादा किया है कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर गरीब महिलाओं को 1 लाख सलाना मिलेगा, अर्थात 8333 रू प्रतिमाह। भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार मात्र 1 हजार रू. महीना देती है।

भाजपा को डर है कि महिलाये भाजपा के खिलाफ मतदान करेगी। श्री साहू ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इसको प्रसारित करने के लिये महिलाओं से फार्म भी भरवाया है। कांग्रेस ने न्याय के लिये गारंटी पत्र भी जारी किया और यह कांग्रेस का राजनैतिक कार्यक्रम है, चुनाव में बात पहुंचाने का तरीका है। कांग्रेस अपने पांचों न्याय की गारंटी पत्र भी जनता के बीच लेकर जा रही है। भाजपा जैसे भी भ्रामक प्रचार कर ले, महिलायें फार्म को लेकर बहुत ज्यादा उत्साहित है और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने को आतुर है।

महिलाओं को 1 लाख रू. सालाना देने के कांग्रेस के निर्णय को कांग्रेस के कार्यकर्ता 11 लोकसभा क्षेत्रों के हर महिला मतदाता तक पहुंचा रहे है, इस हेतु पार्टी बैनर, पाम्पलेट एवं प्रचार फार्म का सहारा लेगी। जिसके माध्यम से महिलाओं को बताया जायेगा कि कांग्रेस की सरकार उनके आर्थिक उन्नति के लिये कितना बड़ा क्रांतिकारी कदम उठायेगी। पूरा भरोसा है लोकसभा में महिलाओं का समर्थन कांग्रेस को मिलेगा।

सनातन धर्म परिषद गौरक्षा वाहिनी की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। सनातन धर्म परिषद गौरक्षा वाहिनी छत्तीसगढ़ प्रदेश की बैठक मे बीते दिनों सनातन धर्म परिषद गौरक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प. कृतिनारायण पाण्डे एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश के अध्यक्ष शशाग देशमुख के नेतृत्व में सागर कुलदीप को छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पद पर नियुक्त किया गया है एवं राजनांदगाव जिला अध्यक्ष संदीप वालस्कर को बनाया गया है। आशीष यादव को राजनांदगाव सचिव एवं प्रशांत खूटे को राजनांदगाव शहर उपाध्यक्ष बनाया गया है।

भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी का भूपेश बघेल को समर्थन

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी सदैव देश में अमनचैन, शांति एवं सद्भाव, परस्पर प्रेम, भाईचारे, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद तथा संविधान की हिफाजत का पक्षधर रही है। देश में विगत 10 वर्षो में जो राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियां निर्मित हुई है उससे देश का सामाजिक सांस्कृतिक ताना-बाना ही नहीं टूटा है बल्कि राजनीति, संविधान और लोकतंत्र के मूल्यों एवं आदर्शो का भी ह्रास हुआ है।

इन परिस्थितियों को देखकर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्तियों को भी संविधान और लोकतंत्र को खतरे से बचाने के लिए जनता से अपील करना पड़ी। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। किसानों को अपनी फसल की उचित मूल्य की मांग के लिए सड़क पर आना पड़ा है। पर उनकी जायज मांगों पर बात न कर, उनके रास्ते में खंदक खोदी जा रही है, कांटे बिछाये जा रहे है उन पर अश्रुगैस के गोले, पानी की बौछारें, कटीले तारों की बाड़ तथा सड़कों पर सीमेंट की दीवारें खड़ी की जा रही है, गोया किसान कोई दुश्मन देश की आक्रमणकारी सेना हो। उन्हें आतंकवादी, देशद्रोही, आंदोलन जीवी जैसे विशेषणों से संबोधित कर अपमानित किया जा रहा है। देश में दलितों आदिवासियों तथा महिलाओं के साथ अत्याचार बढ़ा है। महिला पहलवानों, मणिपुर की महिलाओं के साथ जो कुछ हुआ देश शर्मसार है। ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। देश के संसाधन कौडियों के दाम..अपने चहेते पूंजीपतियों को बेचा जा रहा है वहीं आम जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। नोटबंदी, जीएसटी, कोरोना काल में हजारों लाठी-डंडे खाते मजदूरों को कैसे भुलाया जा सकता है। गरीबों की यात्रा के सस्ते साधन रेल पूंजीपतियों के हवाले, अग्निवीर के नाम पर सैनिकों के साथ छलावा, रेल, बैंकिंग सेवाओं के हजारों पद खाली पड़े है, पढ़े-लिखे नौजवान के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा की स्वायत्ता खत्म, संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया जा रहा है।

खतरे में है लोकतंत्र, खतरे में है हमारा संविधान। इसलिए इंडिया गठबंधन के एक घटक दल होने के नाते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी देश को हानि पहुँचाने वाली, राष्ट्र के खिलाफ साम्प्रदायिक, तानाशाही, अलगाववादी, धार्मिक उन्माद, झूठ, हिंसा, घृणा, द्वेष फैलाने वाली पूंजीपरस्त राजनीतिक शक्तियों के खिलाफ संघर्ष के लिए राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार भूपेश बघेल का समर्थन करती है। अपने तमाम कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों तथा नागरिकों से अपील करती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर भूपेश बघेल को विजयी बनायें।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव में होम वोटिंग के लिए मतदान दल गठित

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत जिलेवार होम वोटिंग के लिए मतदान दल का गठन किया है। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव में फॉर्म-12घ में डाक मतपत्र की सुविधा की मांग करने वाले 85+ आयु वर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं से मतदान दल निवास स्थान पर जाकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करा रहे हैं। होम वोटिंग के दौरान निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी प्रत्येक दल के साथ मतदान कार्य का अवलोकन करने के लिए अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं एवं होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं की सूची मतदान दल से प्राप्त की जा सकती है। कबीरधाम जिले में 15, 16 एवं 18 अप्रैल को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक गठित 10 मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग कराई जा रही है। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले में 18 एवं 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक 9 मतदान दलों, राजनांदगांव जिले में 18 एवं 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक 17 मतदान दलों तथा मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में 18 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक 2 मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग कराई जाएगी।

कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल आज मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले में

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मोहला-मानपुर-अं. चौकी जिले के ग्रामों में आज 19 अप्रैल को जनसंपर्क करेंगे। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल प्रातः 11 बजे से ग्राम पांगरी, गोराटोला, माहुद, आतरगांव, मोहड, बूटाकसा, खुर्सीटिकुल, दनगढ, सोमाटोला, आमाडूला, बैगाटोला, गिधाली, कुम्हली, गोटाटोला, मरारटोला, बुडानकट्टा, भोलापुर, रेंगाकठेरा, विजयपुर ग्रामों में जनसंपर्क करेंगे।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
आज ता. 19 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेल
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
प्रणव झा प्रॉडक्शन कृत
बीए फाइनल ईयर
छत्तीसगढ़ी भाषा में
कलाकार - मन कुरैशी, दीक्षा जायसवाल, दादू साहू, अजंवी चौहान, राजेश बाघमारे, जयंती मनहर आदि
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
19th April to 25th April 2024

The Legacy Of Jineshwar - 06:30 & 09:30 pm
B A Final Year (chhattisgarhi)- 12:30 & 03:30 pm
Maidaan - 06:00 & 09:00 pm
Bade Miyan Chote Miyan - 12:00 & 03:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)

धारा 6 (2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि पक्षकारगण आवेदक खुशवंत सिंह साहू आ. स्व. श्री मुरलीधर साहू उम्र 31 वर्ष निवासी-ग्राम धनोरा थाना-उतई तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) एवं आवेदिका मेघा सिंह आ. श्री हेमंत प्रताप सिंह उम्र-30 वर्ष निवासी- गौरीनगर वार्ड नंबर 13 थाना-चिखली तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक-4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के आवेदन पत्र पेश किया गया है। प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 10/05/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक:-09/04/2024
पेशी दिनांक:-10/05/2024

अपर कलेक्टर
एवं जिला विवाह अधिकारी
राजनांदगांव(छ.ग.)

वार्ड भ्रमण : आज वार्ड नं. 18 व 19 भ्रमण में आयुक्त ने साफ सफाई के अलावा डामरीकरण देख, निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करने दिये निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम का वार्ड भ्रमण अभियान प्रतिदिन जारी है, भ्रमण में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ 17 अप्रैल को प्रातः साफ सफाई एवं वार्डो में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर रहे है। निरीक्षण की कडी में आज उन्होंने वार्ड नं. 18 व 19 के ममता नगर, वर्धमान नगर, 18 एकड क्षेत्र में साफ सफाई व निर्माण कार्य का अधिकारियों के साथ जायजा लेकर दिशा निर्देश दिये।

आयुक्त श्री गुप्ता 18 एकड़ एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथककरण की जानकारी लेकर सेंटर में साफ सफाई तथा अन्य व्यवस्था सुचारू रूप से होने पर प्रसन्नता व्यक्त किये, उन्होने स्वच्छता दीदीयों से कहा कि घर में ही कचरा पृथक करने लोगो को समझाईश देवे एवं शत् प्रतिशत यूजर चार्ज वसूली करें। उन्होने पूनम कॉलोनी ममता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर हाजरी रजिस्टर चेक किया तथा अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक कार्य करने, सड़कों व गलियों की नियमित सफाई कर कचरा उठाने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री गुप्ता विकास कार्यो के निरीक्षण में वार्ड नं. 18 के ममता नगर गली, थीला सिजन स्कूल गली में डामरीकरण, 15वें वित्त आयोग अंतर्गत नाली निर्माण के अलावा वार्ड नं. 19 हनुमान मंदिर आम्बेडकर चौक के पास सामुदायिक भवन व सौन्दर्यीकरण कार्य तथा वर्धमान नगर में डामरीकरण, नाली निर्माण, शक्ति नगर में सीमेंट कांक्रिट रोड निर्माण कार्य का जायजा लेकर शेष डामरीकरण एवं अन्य कार्य गुणवत्ता के साथ जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कार्यपालन अभियंता यू.के. रामटेके से कहा कि, सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराये और बंद कार्य जल्द प्रारंभ करायें। निरीक्षण में सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, उपअभियंता अशोक देवांगन व अनुप पाण्डे, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक राजेश मिश्रा, जिला समन्वयक एसबीएम देवेश साहू व कीर्तन साहू, मिशन क्लीन सिटी सहायक प्रभारी पवन कुर्रे, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी व प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व स्वास्थ्य अमला उपस्थित थे।

शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-5-7
990-8 137-1
राजधानी
2-3-7
170-8 145-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

आज जिले के चिन्हांकित बुजुर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के लिए होम वोटिंग

चिन्हांकित 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग के जरिए करेंगे मतदान

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में 85 वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर में जाकर मतदान कराने के लिए आज मतदान अधिकारियों को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर सी.एल. मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी खेमलाल वर्मा उपस्थित थे। अपर कलेक्टर सी.एल. मारकण्डेय ने बताया कि जिले में कुल 212 लोगों से आवेदन प्राप्त हुआ है। जिनके मतदान के लिए 17 मतदान दलों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने बताया कि मतदान दलों द्वारा प्रारूप 12घ में आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओं के घर पर जाकर 18 एवं 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक होम वोटिंग कराई जाएगी। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 1, माइक्रोऑब्जर्वर, पुलिस कर्मी एवं वीडियोग्राफर होंगे। 18 अप्रैल को होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल सुबह 8 बजे रवाना होगी। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स ने बताया गया कि मतदान दल चिन्हांकित मतदाताओं के घर जाकर पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराएंगे। इसके लिए सबसे पहले मतदाता का परिचय पत्र एपिक कार्ड या अन्य वैकल्पिक दस्तावेज के द्वारा पहचान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके बाद मतदाता को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। मतदाता की बायीं तर्जनी में अमिट स्याही लगायी जाएगी तथा अनुलग्नक दो में उसका हस्ताक्षर भी लिया जाएगा। फिर मतदाता को मतपत्र प्रदान किया जाएगा। जिसमें मतदाता अपने पसंद के अभ्यर्थी को पेन से सही अथवा क्रास का निशान लगाकर मतदान करेगा और मतपत्र को नियमानुसार मोड़कर लिफाफा 13बी में डालेगा और गोंद से चिपका लिया जाएगा।

मतदान करते समय इसकी गोपनीयता का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रशिक्षण में बताया कि मतदाता को प्रारूप 13, घोषणा पत्र में भी हस्ताक्षर कराया जाएगा। फिर मतपत्र का लिफाफा 13बी और घोषणा पत्र को बड़े लिफाफे 13सी में डालकर गोंद से चिपका दिया जाएगा। अंत में इस बड़े लिफाफे को सीलबंद मतपेटी में डाल दिया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी बताया कि इन सभी प्रक्रियाओं की वीडियोग्राफी भी कराई जाए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण बी.एल. ठाकुर, मास्टर ट्रेनर दीपक ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

घोटाले की सरकार के मुखिया को जनता सबक सिखाएगी- अनुज शर्मा

राजनंदगांव (दावा)। भाजपा के धरसीवा क्षेत्र के विधायक, छालीवुड अभिनेता पद्मश्री अनुज शर्मा एवं पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज भाजपा के प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में चुनाव प्रचार करने राजनांदगांव पहुंचे, और अपने विशिष्ट अंदाज में मतदाताओं को कमल फूल छाप में मतदान करने की अपील की। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की फिल्मों के नायक अनुज शर्मा का राजनांदगांव के युवाओं व महिलाओं में अच्छा प्रभाव है। छालीवुड कलाकार अनुज शर्मा को देखने हेतु बड़ी संख्या में जनमानस उनकी सभा में उमड़ पड़े, वार्ड नंबर 37 आजाद वार्ड, कन्हारपुरी, नंदई में नगरवासियों व दक्षिण मंडल भाजपा के पदाधिकारी के साथ अनुज शर्मा ने लोगो का गीत संगीत और भजन के माध्यम से हास्य परिहास के बीच मनोरंजन के साथ गंभीरता के शब्द भी लोगों से कहे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार ने किसानों को कर्ज माफी का झुनझूना पकड़ा कर खुश करने की कोशिश की और बाकी सभी वर्गों के साथ घोटाले पर घोटाले किए। उन्होंने इतने घोटाले किए कि छत्तीसगढ़ को 5 वर्षों तक शराब घोटाले के नाम से जाना जाने लगा। इसके साथ ही कोयला परिवहन घोटाला, पीएम गरीब अन्न योजना में करोड़ों का घोटाला, गोठान घोटाला, पीएससी घोटाला, डीएफ घोटाला, तबादला उद्योग में घोटाला, माफिया सरकार के माध्यम से अवैध वसूली इत्यादि घोटाले करते हुए भूपेश बघेल ने महादेव एप के नाम से युवाओं को जुआ एवं सट्टे में सराबोर कर दिया। अब ऐसे घोटाले के मुखिया को राजनांदगांव की जनता करारा जवाब देगी और 26 अप्रैल को कमल फूल में वोट देकर संतोष पांडे को पुनः दिल्ली भेजेगी। युवाओं को संबोधित करते हुए छालीवुड सिनेमा के अभिनेता अनुज शर्मा ने गायन की विशिष्ट शैली में कहा कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे और फिर सभी लोगों को रामनवमी की शुभकामनाएं भी दी।

आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र में पूर्व सांसद मधुसूदन करेंगे जनसंपर्क

डोंगरगॉव क्षेत्र में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे पूर्व सांसद मधुसूदन

राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव आज डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित ग्राम तुमड़ीबोड़, मारगांव एवं आसरा में आयोजित महतारी वंदन कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और भाजपा के पक्ष में जनसंपर्क करेंगे। लोक सभा आम निर्माचन 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे को प्रचण्ड मतों से विजयी बनाने के अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से आज इस क्षेत्र में पहुॅचकर मधुसूदन यादव संपर्क करेंगे और महतारी वंदन कार्यक्रम के माध्यम से जुड़कर भाजपा के पक्ष में मतदाताओं को रिझाने और मतदान करने के लिये अपील करेंगे। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष के साथ डोंगरगॉव क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश गांधी, डोंगरगॉव मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, भाजपा नेता राजेन्द्र (बन्टू) जैन एवं डोंगरगांव क्षेत्र के अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित रहेंगे। पूर्व सांसद मधुसूदन एवं साथीगण दोपहर 12 बजे ग्राम तुमड़ीबोड़, दोपहर 02 बजे ग्राम मारगांव एवं शाम 4 बजे ग्राम आसरा में उपस्थित रहकर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे और स्थानीय नागरिकों से जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में मतदान हेतु वोट अपील करेंगे। तत्पश्चात् शाम देर शाम वरिष्ठ भाजपा नेता मधसूदन डोंरगगॉव विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं, एवं पदाधिकारियों से मुलाकात कर चुनावी प्रचार-प्रसार कार्यो की प्रगति की समीक्षा करेंगे।

प्रियंका गांधी की सभा से कांग्रेस की जीत की होगी आगाज - दीपक बैज

सेक्टर व बूथ प्रभारियों से चर्चा कर दिया मार्गदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा चुनाव की स्टार प्रचारक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के मोहड़ डोंगरगांव में 21 अप्रैल को दोपहर 2 बजे सभा होनी है, उसकी तैयारियों का जायजा लेने छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज स्थल पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश एवं मार्गदर्शन प्रदान किए हैं। मोहड़ में प्रियंका गांधी की सभा को विशाल ऐतिहासिक बनाने कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरे लगन से जुटे हुए हैं, उनके उत्साहवर्धन एवं कार्यक्रम की तैयारी का अवलोकन कर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज तैयारियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रियंका जी की यह सभा भी ऐतिहासिक होगी और राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस की जीत सुनिश्चित होने के साथ-साथ देश में कांग्रेस की सरकार बनेगी, इस दिशा में एक सुखद संदेश जाएगा, क्योंकि जिस प्रकार से केन्द्र की महंगाई बेरोजगारी से आम जनता का जीवन दूभर हो गया है और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग भी भाजपा के सरकार ने जिस प्रकार से किया, उससे संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है, इसके लिए हमें देश में स्वस्थ एवं सुशासित सरकार लाने के लिए कांग्रेस के पक्ष में कर्मठता से कार्य कर अपने प्रत्याशी सहित कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज को जैसे ही जानकारी लगी कि अभी बूथ सेक्टर प्रभारियों की भी बैठक है, तो उन्होंने बूथ एवं सेक्टर प्रभारी से रूबरू होने उनके बीच पहुंचकर उनके साथ जमीन में बैठकर आत्मीय चर्चा करते हुए चुनावी रणनीति के संबंध में रायशुमारी कर कांग्रेस की जीत राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में सुनिश्चित नजर आने पर उन्होंने बूथ एवं सेक्टर प्रभारियों को मजबूत कार्य करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को अपने बीच पाकर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उत्साहित नजर आए। अंत में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी अपील भी की 21 तारीख की सभा को ऐतिहासिक बनाकर भाजपा की हार सुनिश्चित है का संदेश देने की जवाबदारी हमारी है। इस अवसर पर विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई, जिला अध्यक्ष भागवत साहू, आलोक चंद्राकर, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, वीरेंद्र बोरकर, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, रामक्षत्री चंद्रवंशी, संजय मुटकुरे, रवि शुक्ला, मोहन अय्यर, संध्या साहू, श्रुति शुक्ला, शेषनाथ सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

डिलापहरी में जस गायन व झांकी प्रतियोगिता कल से

राजनांदगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम डिलापहरी में जय अंबे व राधा कृष्ण युवा उत्सव समिति और ग्रामवासियों के तत्वाधान में 20 अप्रैल से दो दिवसीय देवी जस गायन व झांकी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। आयोजक समिति के अध्यक्ष कपिल वर्मा व उपाध्यक्ष प्रवेश वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का यह दसवां वर्ष है। इस बार जस व झांकी वर्ग में आकर्षक पुरस्कार रखा गया है। झांकी वर्ग में प्रथम छह विजेता मंडली को 5001, 4001, 3001, 2001 व 701 रुपये और रचना में पुरुष वर्ग के लिए पहले छह विजेता मंडली को 2501, 2001, 1501, 1001, 701, 501 रुपये नकद और महिला वर्ग के छह विजेता मंडली को 2001, 1501, 1101, 801, 701 व 501 रुपये नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा झांकी वर्ग के लिए 901 रुपये व रचना के लिए 651 रुपये सदाबहार राशि का आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। वहीं दुर्गा, काली, राक्षस, अनुशासन, गायक, वादन, वेशभूषा व बघवा के लिए भी नकद राशि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्रथम व अंतिम मंचस्थ मंडली को भी पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि इसी तारीख में ग्राम बासुला, पादुमतरा, डूमरडीह कला, गातापार खुर्द, खपरीखुर्द में भी जस व झांकी प्रतियोगिता रखी गई है।

चित्रकला विशेष : चारकोल और जल रंग से आकर्षक कलाकारी करते हुए दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केंद्र के बच्चे

राजनांदगांव (दावा)। ओसवाल लाईन में संचालित दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में समर कैंप जारी है। इस समरकैंप में चित्रकला में बच्चे ड्राईग, वाटर पेटिंग, पोट्रेट, आईल कैनवास पेटिंग, स्केचिंग शेडिंग, एक्रिलिक पेटिंग, कला की बारीकियाँ सीख रहे हैं। प्रशिक्षक दीपचंद साहू ने बताया कि संस्था में ड्राईग इन्टेन्स एक्जाम की भी तैयारी करायी जा रही है। जिसका समय दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक का हैं।

रॉयल किड्स कान्वेंट ने बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता ने जीत का परचम लहराया

शिक्षा व खेल के क्षेत्र में अग्रणी संस्था रॉयल किड्स कान्वेंट

छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय एएसआईएससी बालिका वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई

राजनांदगांव (दावा)। भारत का पारंपरिक खेल कबड्डी, दुनिया का सबसे पुराना खेल है जिसका इतिहास 4000 वर्ष पुराना है जो आजकल फिर से बहुत लोकप्रिय होता जा रहा है इसी परंपरा को आगे बढ़ते हुए हुए रॉयल किड्स कान्वेंट में यह आयोजन हुआ। इस टूर्नामेंट में रॉयल किड्स कान्वेंट की कबड्डी टीम (बालिका वर्ग) और उर्सलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबिकापुर कबड्डी टीम (बालिका वर्ग) के बीच मैच हुआ जिसमें रॉयल किड्स यू 17 गर्ल्स की टीम ने चार पॉइंट से जीत हासिल की। कबड्डी तेजी, आक्रामकता और ताकत का खेल है जिसमें रॉयल किड्स टीम खरी साबित हुई और अपनी विशेष जगह बनाने में कामयाब रही।

विदित हो कि प्रारंभ से ही रॉयल किड्स कान्वेंट में पढ़ाई के साथ-साथ खेल पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है इस संस्था के बहुत से विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल में अपनी खास जगह बनाई है जैसे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खेल में मृणाल चौबे और अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन में ज्ञानेश्वरी यादव तथा राष्ट्रीय स्तर पर शाला की छात्रा अभिज्ञा कन्नौजे (टेबल टेनिस), रितेश यादव (भारोत्तोलन) मे चयनित हुए है। रॉयल किड्स शाला परिवार कबड्डी टीम (बालिका वर्ग) को उनकी सफलता पर हार्दिक शुभकामनाएं देता है।

कान्फ्लुएंस कॉलेज के युवा विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मतदान के लिए किया जागरूक

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत युवा, महिला एवं सभी वर्ग के मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में कान्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव में स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह ने कॉलेज के युवा विद्यार्थियों सहित समस्त स्टाफ को मतदान के महत्व को बताया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज के सभी विद्यार्थियों और स्टाफ को मतदाता शपथ दिलाई। उन्होंने युवा विद्यार्थियों से मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कान्फ्लुएंस कॉलेज राजनांदगांव के बीएड, बीसीए और नर्सिंग के युवा विद्यार्थियों ने मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने बहुत अच्छा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। युवा विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समझाया कि मजबूत राष्ट्र निर्माण में हर एक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझकर मतदान करने जाना होगा तभी देश में लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाया जा सकेगा। मतदाताओं को भयमुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। इसके साथ ही युवा विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता संदेश आधारित खूबसूरत रंगोली एवं पोस्टर बनाया और 26 अप्रैल को मतदान के लिए नागरिकों से आव्हान किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती रश्मि सिंह, कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रचना पांडे, कॉलेज के प्रोफेसर एवं बड़ी संख्या में युवा विद्यार्थी उपस्थित थे।

जिले में पलायन करने वाले श्रमिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु स्वीप अंतर्गत निकाली गई अनोखी तरकीब

वीडियो कॉलिंग के माध्यम से 26 अप्रैल को वापस घर आकर मतदान करने की गुजारिश की जा रही

राजनांदगांव (दावा)। जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु स्वीप अंतर्गत अनोखी तरकीब निकाली गई है। पलायन करने वाले परिवारों को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से 26 अप्रैल मतदान दिवस के दिन वापस घर आकर मतदान करने की गुजारिश की जा रही है। बीएलओ द्वारा मतदान पर्ची घर-घर जाकर दिया जा रहा है। इस सर्वे के दौरान पलायन करने वाले ऐसे मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। स्नेह एवं अपनत्व के महौल में बीएलओ न केवल घर का हाल चाल पूछ रहीं हैं, बल्कि 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए आमंत्रित कर रहीं हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वीप अंतर्गत मतदान जागरूकता के लिए विविध आयोजन किए जा रहे हैं तथा व्यापक स्तर पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में मतदान जागरूकता के लिए स्वीप टीम द्वारा ऊर्जा एवं उत्साह के साथ कार्य किया जा रहा है।

जिले में पलायन करने वाले श्रमिक परिवारों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने हेतु अनोखी तरकीब के अंतर्गत वीडियो कॉलिंग करते हुए मतदान करने के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। उन्हें प्रत्यक्ष रूप से फोन करने का असर यह रहा है कि उनमें यह भावना जागृत हुई है कि वोट की कीमत है और हमें अपने अमूल्य वोट का प्रयोग करने अपने गांव-घर जाना चाहिए। छत्तीसगढ़ी भाषा में बातचीत करते हुए बीएलओ ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बेंदरकट्टा निवासी श्रीमती गैंदीबाई निषाद को फोन लगाकर कहा कि पलायन म गे हो कमाये खाये बर, त लोकसभा चुनाव म वोट दे बर 26 अप्रैल के आ जाहू। दुनो झन पति-पत्नी साथ म आहू। पर्ची ला घर म काकी मन ला दे दे हो। आज बात हो गिस घर के अउ चुनाव के। श्रीमती गैंदीबाई निषाद ने 26 अप्रैल को मतदान के लिए गांव आने की सहमति दी। बीएलओ ने डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम बम्हनीभांठा के धर्मेन्द्र यादव को आग्रह करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव हे। 26 तारीख के मतदान हे, तै ह 24 तारीख के गाड़ी म बइठ जाबे, बहु मन ला साथ म लाबे। बीएलओ ने इसी तरह ग्राम बम्हनीभांठा के कैलाश को वीडियो कॉलिंग के माध्यम से कहा कि कइसे हस। 26 तारीख के मतदान करे बर आना हे बाबू। फिर चले जाहू। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मुरमुंदा, छुरिया विकासखंड के ग्राम, डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बगई, रेंगाकठेरा, रीवागहन, पेंडरापानी, खुज्जी, जंतर, मोहड़, अर्जुनी, कोनारी, आसरा, रामपुर, भरेठा नवागांव, राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम रवेली, अंजोरा सहित विभिन्न ग्रामों में बीएलओ द्वारा सक्रियतापूर्वक वीडियो कॉलिंग किया जा रहा है। वहीं विवाह वाले घर में मतदाता शपथ दिलाई जा रही है।

श्रीमती राधा आहूजा ने मेडिकल कॉलेज को किया देहदान

राजनांदगाव (दावा)। लालबाग निवासी श्रीमती राधा आहूजा के निधन के पश्चात नवदृष्टी फाउंडेशन एवं बढ़ते कदम के प्रयास से आहूजा परिवार द्वारा श्रीमती राधा आहूजा का देहदान कर मृत शरीर राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज को सौंपा। श्रीमती राधा आहूजा की अंतिम ईच्छा अनुसार निधन के बाद पति किशन चंद आहुजा, पुत्र विक्की आहूजा, राज आहुजा ने देहदान का निर्णय लिया एवं समाज को सकारात्मक सन्देश दिया।

नवदृष्टी फाउंडेशन के शैलेश गणत्रा, तरुण आड़तिया और बढ़ते कदम के अध्यक्ष डॉ. करतार सिंह कजवानी, गुरमुख दास वाधवा, राजा मखीजा, मुकेश आहुजा, अर्जुन वाधवानी, घनश्याम वाधवानी, सलामत गणशानी, प्रकाश वाधवानी पूरा समय उपस्थित रहे व देहदान प्रक्रिया में सहयोग किया।

किशन चंद आहुजा ने कहा आज राधा आहूजा के निधन से हमारा पूरा परिवार सदमे में आ गया किन्तु ये परिवार के सत्कर्म थे कि आज हमारे परिवार कि मुख्य सदस्य इस दुनिया से जाते जाते भी समाज का भला कर गई हमारे पुरे परिवार को राधा आहूजा पर गर्व है एवं हमारा परिवार सदा उनसे प्रेरणा लेता रहेगा। विक्की आहूजा ने कहा उनकी माँ नहीं रही यह उनके जीवन का सबसे दुखद दिन है किन्तु अब उनके शरीर से मेडिकल कि पढ़ाई छात्र रिसर्च कर भविष्य में समाज को बेहतर डॉक्टर मिलेंगे, माँ जब तक इस दुनिया मे रही लोगों कि मदद कि और मृत्योंपरांत भी समाज का भला कर गई।

श्रीमती राधा आहूजा के देहदान के समय लालबाग गली नं 5 स्थित निवास पर समाज के लोग बडी संख्या में उपस्थित रहे सभी ने आहूजा परिवार के देहदान कि सराहना कि व आहूजा परिवार ने नम आँखों से श्रीमती राधा आहूजा का देहदान कर मृत शरीर स्व.श्री अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव को सौंपा। नवदृष्टि फाउंडेशन और बढ़ते कदम की ओर से शैलेश गणात्रा, तरुण आड़तिया, डॉ. करतार सिंह कंजवानी, गुरमुख दास वाधवा, राजा माखीजा, मुकेश आहुजा, अर्जुन वाधवानी, घनश्याम वाधवानी, सलामत गणशानी, प्रकाश वाधवानी, फणेन्द्र जैन, दिव्या बेन नगदीया, मनीष साहिता, अनिल बल्लेवार, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, दयाराम टांक ने श्रीमती राधा आहूजा को श्रद्धांजलि दी व आहूजा परिवार को साधुवाद दिया।

अनमोल दावा

> **बीते कल और आने वाले कल की चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि जो होना है वही होगा, जो होता है वह अच्छा ही होता है। इसलिए वर्तमान का आनंद लो।**

नक्सली चुनौती : जल, जंगल और जमीन की समस्या और सरकार का रवैया

आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में उनतीस नक्सलियों को मार गिराया। निस्संदेह यह बड़ी कामयाबी है। इस वर्ष इस घटना सहित अब तक करीब अस्सी नक्सली मारे जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि छत्तीसगढ़ में नक्सली कुछ इलाकों तक सिमट कर रह गए हैं। जल्दी ही उन पर पूरी तरह नकेल कसी जा सकेगी। केंद्र और राज्य सरकारें ऐसे दावे बहुत समय से करती आ रही हैं, मगर हकीकत यह है कि अनेक उपायों, रणनीतियों और प्रयासों के बावजूद वहां माओवादी हिंसा पर काबू पाना कठिन बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर नक्सली सक्रिय हो उठते और घात लगा कर सुरक्षाबलों पर हमला कर देते हैं।

अगर सचमुच नक्सलियों को कुछ इलाकों तक समेट दिया गया होता और उनके संगठन कमजोर हो गए होते, तो उनके पास अत्याधुनिक हथियारों की पहुंच संभव न होती, सुरक्षाबलों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उनके पास कारगर संचार प्रणाली न होती। छत्तीसगढ़ में करीब चालीस वर्ष से माओवादी हिंसा का दौर चल रहा है। इस बीच अनेक रणनीतियां अपनाई गईं, मगर वे कारगर नहीं हो पाई हैं। चुनाव के माहौल में सुरक्षाबलों की ताजा कामयाबी से नक्सली उपद्रवियों का मनोबल जरूर कमजोर होगा, पर इस समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यावहारिक कदम की अपेक्षा अब भी बनी हुई है।

दरअसल, आदिवासी इलाकों में माओवादी हिंसा की कई परतें हैं। आदिवासियों को लगता है कि सरकार उनके जंगल और जमीन छीन कर उद्योगपतियों को सौंप देना चाहती है। वे इसका विरोध करते रहे हैं। शुरू में इस मसले को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई, मगर वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी। फिर बंदूक के जरिए उन पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। फिर आदिवासियों और समर्पण करने वाले नक्सलियों को ही बंदूक देकर नक्सली संगठनों के खिलाफ खड़ा करने की रणनीति अपनाई गई। उसमें काफी खून-खराबा हुआ, मगर नक्सली समस्या को समाप्त कर पाना संभव न हो सका। हेलीकाप्टर, ड्रोन और अत्याधुनिक संचार तकनीकी के जरिए उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाने लगी, पर उसमें भी बहुत कामयाबी नहीं मिल सकी। नक्सली कई मौकों पर सुरक्षाबलों को अपने जाल में फंसा कर हमला करते भी देखे जा चुके हैं। दो साल पहले इसी तरह उन्होंने बीजापुर में बाईस सुरक्षाबलों को मार गिराया था।

नक्सली समस्या से पार पाने के लिए दो तरह के विचार काम करते रहे हैं, जिसमें आदिवासियों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए उनके इलाकों में विकास कार्यक्रमों पर बल देने की सिफारिश की जाती रही है। इसके तहत पिछली सरकार ने कई योजनाएं भी चलाई थी, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके। दूसरा विचार बंदूक के बल पर नक्सलियों के सफाए का रहा है। मगर हकीकत यह है कि उनसे निपटने के लिए कोई व्यावहारिक नीति आज तक नहीं बन सकी है।

हजारों निरपराध आदिवासी जेलों में बंद हैं, उनकी रिहाई के बारे में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है। पांच-छह साल पहले एक नीति बनाने पर जरूर जोर दिया गया था, जिसमें उनसे बातचीत का प्रस्ताव भी था, मगर वह नीति बन नहीं सकी। सबसे जरूरी है, स्थानीय आदिवासियों में यह भरोसा पैदा करना कि सरकार उनके जीवन में बेहतरी के लिए प्रतिबद्ध है। उनके जल, जंगल, जमीन के मसले पर संजीदगी से बात हो, तो शायद वे हिंसा का रास्ता छोड़ने को तैयार हो जाएं।

पीएम मोदी ने की इलेक्टोरल बॉन्ड की तारीफ़, राहुल गांधी ने बताया 'वसूली स्कीम'



भारत में चुनावी मौसम अपने चरम पर है. राजनेताओं की रैलियां, जनसभाएं, इंटरव्यू सुर्खियों में बने हुए हैं और इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाचार एजेंसी एएनआई को लगभग सवा घंटे का इंटरव्यू दिया जिसे सोमवार शाम को लगभग सभी मेनस्ट्रीम टीवी चैनलों ने प्रसारित किया.

इस इंटरव्यू में पीएम नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर , सनातन धर्म, दक्षिण की राजनीति और अपनी विदेश नीति जैसे कई मुद्दों पर बात की. लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर उन्होंने जो कहा उसकी काफ़ी चर्चा हो रही है.इलेक्टोरल बॉन्ड के पक्ष में उन्होंने कहा कि अगर उनकी सरकार ने इलेक्टोरल बॉन्ड ना लाया होता तो मनीट्रेल कभी पता नहीं चलता.

देश में चुनाव से पहले इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर आई जानकारी एक अहम मुद्दा है.फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक ठहराया और इसे खरीदने के लिए अधिकृत बैंक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को निर्देश दिए गए कि वो इलेक्टोरल बॉन्ड किसने खरीदा और किन पार्टियों के मिला इसका डेटा जारी करे.

जो डेटा सामने आया उसके मुताबिक़ 6060.51 करोड़ चंदा अकेले बीजेपी को मिला. दूसरे नंबर पर टीएमसी थी जिसे 1609 करोड़ का चंदा मिला.जो बातें इस डेटा से सामने आईं वो ये कि कई कंपनियों ने जो चंदा दिया उनके ऊपर कुछ समय पहले ईडी की कार्रवाई की गई थी. ऐसे ही कई पैटर्न निकल कर सामने आए हैं.

एएनआई के इंटरव्यू में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर जब पीएम मोदी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, च्चुनाव में काले धन का इस्तेमाल होता है. हम ऐसा ना हो इसका रास्ता खोज रहे थे. चुनाव में हजार और दो हजार के बड़े नोट ट्रेवल करते थे. हमने उसे रोकने की कोशिश की. शुरुआत में राजनीतिक पार्टियों को 20 हजार रुपये कैश चंदा लेने की छूट थी. सुप्रीम कोर्ट ने 20 हजार कैश चंदा लेने की छूट दी थी. मुझे याद है कि हमें एक व्यापारी ने कहा था कि हम आपको चंदा चेक से नहीं दे सकते क्योंकि सत्ता पक्ष को पता चल जाएगा कि उन्होंने हमें चंदा दिया. 90 के दशक में हमें इसीलिए एक बार चुनाव लड़ने में दिक्कत आई थी क्योंकि हमारे पास पैसा ही नहीं था.

पीएम मोदी ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड था, इसलिए तो मनी ट्रेल का पता चल गया, किस कंपनी ने दिया, कैसे दिया और कहां दिया.

उन्होंने कहा, ÷जो लोग आज बोल रहे हैं वो सब लोग पछताएंगे, जब ईमानदारी से सोचेंगे. तीन हजार कंपनियों ने इस स्कीम के तहत चंदा दिया है. इनमें 26 के खिलाफ ईडी की जांच चल रही है. इन 26 में से 16 कंपनियां ऐसी हैं जिन्होंने ईडी की कार्रवाई के बाद चंदा दिया. इनमें से भी सिर्फ 37 प्रतिशत ने बीजेपी को चंदा दिया बाकी 63 प्रतिशत ने विपक्ष को चंदा दिया है.

पीएम के इंटरव्यू में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर किए गए दावों पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि 'ये एक वसूली स्कीम है जिसके मास्टमाइंड नरेंद्र मोदी हैं.'

उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा- 'इलेक्टोरल बॉन्ड में सबसे अहम बात है नाम और तारीखें. जब आप इन दोनों को देखेंगे तो पाएंगे कि जब उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड दिया है तो उसके तुरंत बाद या तो कंपनी को कॉन्ट्रैक्ट मिला है या तो उन पर अगर सीबीआई की जो जांच हो रही थी वो हटा दी गई.'

प्रधानमंत्री पकड़े गए हैं इसीलिए वो एएनआई को इंटरव्यू दे रहे हैं. ये दुनिया का सबसे बड़ा पैसा वसूली का स्कीम है और इसके मास्टरमाइंड मोदी जी हैं.ज्ज च्चिवरोध करने वाले पक्षताएंगे मोदी के इस बयान पर राहुल गांधी ने कहा- च्च् मोदी जी ये समझा दें कि सीबीआई की जांच शुरू होती है उसके एकदम बॉन्ड बॉन्ड खरीदे जाते हैं और उसके एकदम बाद जांच रोक दी जाती है.- इसे समझा दें पीएम. कंपनी को इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के एकदम बाद हज़ारों करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट मिल जाते हैं ये भी बात पीएम मोदी समझा दें. सच्चाई है कि ये वसूली की है.पीएम मोदी से अपने इंटरव्यू में कहते रहे हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम से ही मनी ट्रेल का पता चल पाया.

पार्टी ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड लागू होने से पहले तक 20,000 ही कैश में चंदा दिया जा सकता था.इस स्कीम के आने के बाद चंदा देने वालों की पहचान बताने की बाध्यता खत्म कर दी गई. इसे पूरी तरह स्कीम को गुप्त करने के लिए डिजाइन किया गया था. साल 2018 से 2024 के बीच का पूरा डेटा अब तक सामने नहीं आया है.

साल 2018 में मोदी सरकार इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम लेकर आई, दावा था कि ये चुनावी फंडिंग की प्रक्रिया में पार्दर्शिता लाएगा. इस कानून में कहा गया कि चंदा देने वाली की पहचान हर सूरत में गुप्त रखी जाएगी.ऐसे में ये पता नहीं चल पाता था कि किस पार्टी को किसने कितना चंदा दिया है, साथ ही इस स्कीम से किस पार्टी को कितना चंदा मिला है.इस साल फरवरी में इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक क़रार दिया.जो डेटा सामने आया उसके अनुसार, 12 अप्रैल, 2019 से 11 जनवरी, 2024 के बीच बीजेपी ने कुल 60 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को भुनाया है. वहीं इस मामले में दूसरे नंबर पर तृणमूल कांग्रेस है, जिसने 16 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है.वहीं सबसे ज्यादा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने वाली कंपनी फ़्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज़ है. इस कंपनी ने कुल1368 बॉन्ड खरीदे, जिसकी क़ीमत 13.6 अरब रुपये से अधिक रही.

इस मामले में तीसरे नंबर कांग्रेस है जिसने 14 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है. इसके बाद भारत राष्ट्र समिति ने 12 अरब रुपये और बीजू जनता दल ने 7 अरब रुपये से अधिक के इलेक्टोरल बॉन्ड को इनकैश किया है.कई ऐसे मामले सामने आए हैं जिसमें जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे उन पर बॉन्ड खरीदने से पहले ईडी इनकम टैक्स की कार्रवाई हुई थी.कुछ कंपनियों को बॉन्ड खरीदने के कुछ समय पहले या बाद बड़ा कॉन्टैक्ट मिला. दवा कंपनियां जिन्होंने टेस्ट फेल किया था उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदकर राजनीतिक दलों को दिए.

विचार सरिता

मन में बसे हैं राम : 123 राजा जनक के मन में उर्मिला के भी विवाह की इच्छा

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय

राजा जनक की दोनों सुपुत्रियों सीता और उर्मिला का विवाह अयोध्या नरेश दशरथ के पुत्र श्री राम और लक्ष्मण के साथ होने की बात से राजा जनक के भाई कुशध्वज अत्यंत प्रसन्न हुए। राजा कुशध्वज अपनी दोनों पुत्रियों मांडवी और श्रुतकीर्ति के विवाह के लिए भी उत्सुक हैं।

'मैंने कुमार लक्ष्मण को देखा है।वे भी राम की तरह ही वीर,शक्तिशाली योद्धा और बुद्धिमान राजकुमार हैं। वे दोनों भाई एक दूसरे के लगभग प्रतिरूप हैं भी। राम सांवले हैं तो लक्ष्मण गौर वर्ण के हैं।राम में विनय है, तो लक्ष्मण में सौम्यता के साथ-साथ परिस्थिति के अनुरूप तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त करने वाला किंचित क्रोधी स्वभाव है। आज के युग में यह आवश्यक भी है भ्राता!' राजा जनक ने कहा।

'प्रतीत होता है कि आपने मन बना ही लिया है और लक्ष्मण आपको उर्मिला के लिए पसंद हैं।जब राजा दशरथ यहां कुमार राम की बरात लेकर आ जाएंगे तब आप उर्मिला के भी विवाह का प्रस्ताव उनसे रखिएगा। मुझे विश्वास है कि वे अवश्य तैयार हो जाएंगे।' राजा कुशध्वज ने कहा।

'हां कुश! जैसे राम के बिना लक्ष्मण अधूरे हैं,उसी तरह से सीता के बिना उर्मिला भी अधूरी है। दोनों बहनों की इन भाइयों के साथ अपनी - अपनी युगल जोड़ी अत्यंत सफल रहेगी।' जनक जी प्रसन्न होकर बोले।

अयोध्या से निकली बरात का मार्ग में अनेक स्थानों पर प्रजा ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। राजा दशरथ की संपूर्ण आर्यावर्त में अपनी अलग प्रतिष्ठा है।अयोध्या एक शक्तिशाली राज्य है,जिसका नाम ही है ऐसी नगरी जिसे युद्ध में जीता नहीं जा सकता अर्थात अयोध्या। जब वहां के राजा दशरथ की यात्रा निकली है तो वह जहां से जा रही है,सभी के लिए आकर्षण और कुतूहल का केंद्र होना ही है।

बारात जनकपुरी पहुंची। बरात के ठहरने के लिए अनेक स्थानों पर सुंदर सुविधाजनक शिविर लगाए गए हैं। राजा जनक अपने गुरुओं और मंत्रियों के साथ मुख्य जनवासे में ठहराए गए हैं। कुछ ही दिनों के भीतर राज्य के कारीगरों ने इतना सुंदर महल खड़ा कर दिया है।ऐसा लगता है कि यह राजा जनक का दूसरा निवास स्थान है। जब नगर के भीतर हाथी, रथ, घोड़ा और पैदल सेना की बड़ी टुकड़ी के साथ बरात ने प्रवेश किया तो ऐसा लगा था कि इतनी बड़ी संख्या में आए अतिथियों को आखिर कहां ठहराया जाएगा? कहीं जनकपुरी में कोई अव्यवस्था या कमी न हो जाए। यह केवल कल्पना ही सिद्ध हुई और जब बरात ने नगर प्रवेश किया तो जैसे प्रत्येक समूह के लिए पूर्व निर्धारित व्यवस्था थी और अत्यंत उत्साह के साथ प्रत्येक स्थान पर बरात का स्वागत किया गया और उन्हें उचित निर्धारित स्थानों में ठहराया गया।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है।उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

शब्द सामर्थ्य -031

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे
1. विचित्र, अद्‌भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 030 का हल

दि	क्र	त	■	आ	सा	न	■	आ
ल	■	मी	■	खि	■	सी	ख	ना
■	म	ज	बू	र	■	ह	■	जा
स	र्द	■	■	का	■	त	रा	ना
र	■	■	■	र	वि	■	ह	■
प	ह	ना	ना	■	ना	रा	ज	■
ट	■	■	क	शि	श	■	नी	ला
■	र	■	■	का	■	रा	■	य
खा	ति	र	दा	री	■	त	क्ष	क

सू- दोकू क्र. 031

	7				1		3	
1		9				5		
			3				1	
		5						3
3					2		5	
				3				2
	4						7	
7		8		1		6		
	6		7		9			1

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.030 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6

सामयिक चर्चा

अमरता का वरदान लेकर जो आई है गिरधारी भाई! वही तो महंगाई है

खबर पढ़कर बानी बोले- ''गजाधर!
मोदी सरकार ने अगले पांच साल में,
वैसे तो मुख्य रूप से
सात-आठ काम करने की घोषणा की है,
पर उसमें से तीन काम की बातों ने
मंगलू मजदूर को खुश कर दी है
एक- घर-घर में पाइप से
सस्ती रसोई गैस पहुंचाएंगे।
दो- पीएम सूर्यघर योजना से
बिजली बिल होगा जीरो और
तीन-तीन प्लस करोड़ और
पक्के मकान बनवाएंगे।
गजाधर मुस्काराकर, कुछ कहते, इसके पहले
गृहस्थ गिरधारी बोल उठे -
गजाधर! बेरोजगारी की समस्या को तो
मोदी जी ने घुमा फिरा कर, बात कर
'अपनी तरफ से,' हल कर दिया है।
पर महंगाई तो हमारी जिन्दगी में
मुसीबत बन के हर तरफ रहती है।
उसने तो हमारा सुख-चैन सब छीन लिया है।
तो भैया! महंगाई को मारने के लिए
मोदी जी क्या करेंगे, आप कुछ कहेगें?'
गजाधर परेशानी से बोले-
''मेरा कहना तो यही है गिरधारी भाई!
अमरता का वरदान लेकर आई है, महंगाई।
इसीलिए तो महंगाई की बात करने में,
नेता जो कुर्सी पर रहते है, हिचकते हैं।
और देखो मोदी जी भी महंगाई दूर करने
की गारन्टी की बात कहां करते हैं?

गिरीश बख्शी

कविता

चुनाव तिहार

चुनाव तिहार के छुट्टी रथे हमर ।
नेता चुने के अधिकार हवय हमर ।।
कइसन नेता चुनबो सुनो संगी गोहार।
जेकर जिनगी झन लागे करिया काजर ।।
दया-मया संग जिये कतको बछर आगर ।
भेद-भाव नई गरीब, अमीर सबो बराबर।।
कोन्हों झन चुकहू अंगरी तिलक लगाहू ।
मन पसन बटन दबाके चुनाव तिहार मनाहू ।।
साडी, जेवर, नगदी पौवा म काबर बिलमाना ।
राजा चुने बर ईमान ल झन बिसराना ।।
जानत, सुनत, गुनत, पांच बछर होगे ।
कोन करिया, कोन गोरिया चिन्हार होगे।।
संविधान म चलबे, अपन मन के करबे ।
पर के कहना म वोट झन करबे ।।
लोकतंत्र सब ले बढ़िया जइसे छत्तीसगढ़िया ।
मतदान दिन, तिथि, वार, समय हे बढ़िया ।।

मानसिंह ठाकुर 'जलज'
महामाया चौंक, बसंतपुर

राशिफल

मेष
आज आप पिता का कोई जरूरी काम पूरा कराएंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे, लेकिन आपको अपने मन को नियंत्रित करना होगा। किसी के साथ बहसबाजी में ना पड़े। आज आप किसी नए कार्य की योजना बनाएंगे।

वृषभ
आज नवरात्र के नौवें दिन भगवान श्रीराम की कृपा आप पर बनी रहेगी। आज आप सभी कार्यों में बहुत हद तक सफल रहेंगे। इस राशि की महिलाओं को आज के दिन कोई खुशखबरी मिलेगी। आज आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी बेहतर होगा। आप जीवन में आगे बढ़ने में सक्षम होंगे।

मिथुन
आज प्रॉपर्टी लेने का मन बनाएंगे। कोई रूका हुआ काम पूरा होने से आपको खुशी मिलेगी। शाम तक आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे घर का माहौल खुशियों से भर जायेगा।आसपास के लोग आपके व्यक्तित्व से प्रसन्न होंगे। आज आप ताजगी से परिपूर्ण रहेंगे।

कर्क
घर के सहयोग से आप हर चीज़ को अच्छे से संभालने में सफल होंगे। आज आप किसी बात को लेकर विचारों में खोए रहेंगे। आज नए लोगों से आपकी मुलाकात होगी, जो आगे चलकर आपके व्यापार में धन लाभ कराएंगे। घर पर किसी पार्टी के आयोजन का प्लान बनाएंगे।

सिंह
आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपको कुछ जरूरी कार्यों में दोस्तों की मदद मिलेगी। कई दिनों से अटका हुआ पैसा आज आपको वापस मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर परिणाम लेकर आया है। पहले दी हुई किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी।

कन्या
आपको अपनी कार्य कुशलता में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। आज लोगों के बीच आपके काम की तारीफ होगी। वहीं आर्थिक लाभ पाने के लिए आज आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। आप किसी नए कार्य को लेकर योजना बनाएंगे। आज वाहन चलाते समय सावधानी जरूर बरतें।

तुला
आज बच्चों के किसी काम में आपके पैसे खर्च होंगे। आपके व्यवहार से कुछ लोग आज काफी प्रभावित होंगे। लोगों से आपको काम में मदद मिलेगी। आपसी विश्वास के सहारे आपके रिश्तों में मजबूती आयेगी। आपकी कोई खास इच्छा जो काफी समय से अधूरी थी वो आज पूरी होगी।

वृश्चिक
अगर आप किसी से अपने दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। इससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक रिश्ते आज और बेहतर होंगे। कलात्मक कार्यों में आपकी रूचि बढ़ेगी।

धनु
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपके परफॉरमेंस से लोग प्रभावित होंगे। व्यवसाय में आपको फायदा हो सकता है। ऑफिस में किसी जरुरी काम को पूरा करने के लिए किसी सहकर्मी की मदद मिलेगी और आपको कार्य में सफलता भी हासिल होगी। आज किसी से भी बेवजह उलझने से बचे।

मकर
आज आप अपने जीवनासाथी से बिजनेस की कोई बात शेयर करेंगे। पारिवारिक काम को पूरा करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपके सहपाठी किसी प्रश्न को समझने के लिए आपसे मदद लेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।

कुंभ
आज आप कोई नया बिजनेस शुरू करने के बारे में सोचेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपके भाग्य के सितारे बुलंद होंगे। आज आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे और आपका दिन शानदार रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के रिश्तें में मिठास बढ़ेगी।

मीन
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। किसी काम में की गई मेहनत आज रंग लाएगी। करियर के लिए आज का दिन फेवरेबल रहेगा। ऑफिस में अधूरे पड़े कार्य आज पूरे हो जाएंगे, काम में सीनियर्स का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

हर महिला को एक लाख, बेरोजगारों को नौकरी की गारंटी- भूपेश बघेल

छुईखदान (दावा)। कांग्रेस के सांसद प्रत्याशी एवं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज खैरागढ़ जिले के छुईखदान तहसील के विभिन्न गांवों का सघन दौराकर आम जनता से भेंट-मुलाकात कर समर्थन मांगा और केन्द्र में इस बार कांग्रेस सरकार बनाने हेतु कांग्रेस के पंजा छाप चुनाव चिन्ह पर बटन दबाने की अपील की। श्री बघेल ने जोर देकर कहा कि इस बार केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर हर गरीब महिला को हर साल एक लाख रूपए यानि हर माह 8333 रूपए दिया जाएगा, इसकी पूरी गारंटी हम देते हैं। इसके साथ ही मनरेगा के श्रमिकों की मजदूरी 400 रूपए प्रतिदिन किया जाएगा। देश के सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। शिक्षित बेरोजगारों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। इन सब बातों की गारंटी कांग्रेस के घोषणा पत्र में दी गई है।

अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री बघेल आज 18 अप्रैल गुरूवार को सबसे पहले छुईखदान तहसील के ग्राम बीरूटोला पहुंचे और आम जनता से भेंट-मुलाकात कर वोट मांगा। उसके बाद श्री बघेल ने क्रमशः देवरच्चा, कुम्हारवाड़ा, बकरकट्टा, चोभर, रामपुर, आमगांव, खादी, भाजी डोंगरी, देवपुरा, मोहगांव, पहाड़ी मानपुर, पैलीमेटा, ठाकुरटोला, जीराटोला, सण्डी, पण्डरिया, रोड अतरिया, साखा आदि गांवों में देर शाम तक सघन जनसंपर्क कर संक्षिप्त सभाओं को सबांधित कर चुनाव में अपने पक्ष में मतदान की अपील की। इन गांवों में पहुंचने पर श्री बघेल का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। अपने पूर्व मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखा गया। अपने छत्तीसगढिया अंदाज में लोगों से संवाद कर श्री बघेल ने लोगों का दिल जीत लिया।

इस दौरान गांव-गांव में आयोजित संक्षिप्त सभाओं को संबोधित करते हुए श्री बघेल ने कहा कि कांग्रेस जो कहती है, उसे करके दिखाती है। हमें भाजपाइयों की तरह लोगों से खुलेआम झूठ बोलना नहीं आता। उन्होंने कहा कि आप सबने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के कामकाज को देखा है। हमने चुनाव पूर्व जो भी वादे किए थे, उन सब वादों को पूरा करके दिखाया है। शिक्षित बेरोजगारों को ढाई हजार रूपए भत्ता हमारी सरकार दे रही थी, जिसे भाजपा की साय सरकार ने बंद कर दिया। हमने किसानों का कर्ज माफ किया, लेकिन भाजपा को किसानों की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है। ये लोग बोलते अलग हैं, करते अलग हैं। पहले अच्छे दिन और 15-15 लाख रूपए सबके खाते में डालने का वादा किया, लेकिन उन वादों को पूरा करने की बजाय लोगों की जेबों में ही डाका डाल दिया गया। आज देश में बेरोजगारी, गरीबी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है, जिस पर भाजपा वाले कुछ बोल नहीं पा रहे हैं, क्योंकि उनकी नीयत में ही खोट है। छल, झूठ, कपट भाजपा की पहचान है।

कहा- 30 लाख पदों पर करेंगे भर्ती, मनरेगा श्रमिकों को मिलेगी 400 रूपए मजदूरी

कांग्रेस प्रत्याशी श्री बघेल ने कहा कि इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि किसी पार्टी के घोषणापत्र से आम जनता के मूलभूत मुद्दे ही गायब हैं। 2014 में तो 100 दिनों में महंगाई कम करने की फर्जी गारंटी के साथ भाजपा सत्ता में आ गई थी, लेकिन आज 2014 के बाद मोदी सरकार के दस सालों में महंगाई आसमान छू रही है। सरकारी नौकरियों का कोई ठिकाना नहीं है। सिर्फ रेलवे में ही तीन लाख पद वर्षों से खाली पड़े हैं, लेकिन 2019 के बाद से भर्ती ही नहीं निकाली गई है। ऐसे ही देशभर में 30 लाख सरकारी पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भरने का काम केन्द्र में कांग्रेस सरकार बनने पर किया जाएगा। भाजपा वाले जिसे मोदी की गारंटी कहते हैं, उसमें किसानों की प्रमुख मांग एमएसपी का कोई जिक्र नहीं है। महिलाओं के लिए भी इसमें कुछ नहीं है। 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का दावा करते हैं, जिसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है। फिर ये भी कहते हैं कि 80 करोड़ को मुफ्त राशन देते हैं। मतलब 80 करोड़ गरीब ही हैं। इनकी बातें आम आदमी की समझ से बाहर है।श्री बघेल ने कहा कि असल में भाजपा के घोषणा पत्र का नाम माफीनामा होना चाहिए, जिसमें लोगों की आम जरूरतों और मूलभूत समस्याओं को लेकर कोई जिक्र तक नहीं किया गया है। दूसरी ओर कांग्रेस ने अपने न्याय गारंटी नामक घोषणा पत्र में महंगाई को नियंत्रित करने की बात कही है। एमएसपी की गारंटी दी है। किसानों की कर्ज माफी के लिए अलग से आयोग स्थापित करने की बात कही है। 30 लाख सरकारी पदों को भरने की गारंटी है। हर एक युवा को कम से कम एक लाख की नौकरी की गारंटी, महिलाओं को सशक्त करने नारी न्याय के तहत 50 प्रतिशत आरक्षण व महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत हर परिवार की एक गरीब महिला को एक लाख सालाना देने की गारंटी कांग्रेस द्वारा दी गई है। स्वास्थ्य के मामले में 25 लाख तक के मुफ्त इलाज की बात कही है। जातिगत जनगणना कराने की बात कही है।

कांग्रेस प्रत्याशी श्री बघेल ने कहा कि भाजपा देश में 10 साल तक शासन करने के बाद भी अपने कामों पर वोट नहीं मांग पा रही है और केवल हवा-हवाई बातों के भरोसे है। यह मोदी की गारंटी नहीं, मोदी का धोखा है और वह इसलिए, क्योंकि इनकी पुरानी गारंटियों की बात करें तो उन सभी में मोदी सरकार फेल रही हैं। पहले दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का ढिंढोरा पीटा गया। डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूत करने का दावा किया गया। देश में 100 स्मार्ट सिटी बनाने का झूठा वादा किया गया। विदेश से काला धन लाकर सबके खाते में 15-15 लाख रूपए डलवाने का झूठ बोला गया। और आज देश में ही इलेक्टोरल बांड से पैसा छुपाने की नौबत आ गयी। 100 दिनों में गरीबी दूर करने का सबसे बड़ा झूठा भाजपा के द्वारा ही बोला गया था।

पहला कॉलम...

अंबागढ़ चौकी में रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। हर साल की तरह इस साल भी रामनवमीं जन्म उत्सव को नगर में बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री राम की शोभायात्रा निकाली गई जिसकी शुरूवात नगर के स्थानीय राजबाड़ा प्रांगण से शुरू हुई जो नगर के भगत सिंह चौक, बाजार चौक, पटेल पारा, अम्बेडकर चौक और गुप्ता चौक से गुजरते हुए निकली साथ ही भव्य शोभायात्रा में धुमाल, बैंडबाजा और डीजे की धुन पर नगर के महिलाएं, बच्चे और बड़े थिरकते नजर आए जबकि शोभायात्रा के स्वागत के लिए नगर में जगह-जगह पर नगर के कुछ सामाजिक लोगो के द्वारा स्टाल लगाकर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी जिसका सभी ने आनंद लिया ज्ञात हो कि रामनवमीं के अवसर पर हर वर्ष नवरात्र के प्रथम दिन यह शोभायात्रा निकाली जाती थी लेकिन इस बार सभी नगरवासियों द्वारा रामनवमीं जन्म उत्सव के दिन भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया और पूरे नगर का भ्रमण कराया गया वही पूरा नगर राम नाम के जयकारो से दिन भर गूंजता रहा। बजरंग चौक में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात रैली का प्रस्थान राजबाड़ा की ओर हुआ राजबाड़ा में प्रसादी वितरण के साथ हुआ रैली का समापन हुआ।

रामनवमी पर सोनकर समाज ने निकाली रामलला की शोभायात्रा

खुज्जी (दावा)। स्थानीय सोनकर समाज के लोगों के द्वारा राम नवमी के पावन अवसर पर स्थानीय सोनकर समाज के धर्म शाला में भगवान राम की विधिवत पूजा अर्चना के पस्चात भव्य शोभा यात्रा एवं कलश यात्रा निकाली यात्रा का ग्राम भ्रमण में लोगों ने जगह जगह स्वागत कर भगवान राम की पूजा अर्चना की यात्रा समापन के बाद ग्रामीणों ने भोजन भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया उक्त। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में सोनकर समाज के अध्यक्ष तखत सोनकर, राधेश्याम कमरिया बसन्त कमरिया, जगत सोनकर, राम रतन सोनकर, दुर्गेश सोनकर जागेंद्र सोनकर सहित समाज के युवाओं का सराहनीय योगदान रहा।

हज्जुटोला में जोन स्तरीय बैठक सम्पन्न

संतोष पाण्डेय
कमल छाप

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी के जोन चिल्हाटी के ग्राम हज्जुटोला में आगामी लोकसभा चुनाव को मध्य नजर रखते हुए जोन स्तरीय बैठक रखा गया, चिल्हाटी जोन के अन्तर्गत शक्ति केन्द्र डोंगरगांव, ओटेबांधा, रेंगाकठेरा, चिल्हाटी, चारो शक्ति केन्द्र के अंतर्गत 18 बुथ एवं 5 आश्रित ग्राम से भाजपा के जिम्मेदार कार्यकर्तागण, बुथ अध्यक्ष, सचिव, बीएलए 2, पन्ना प्रमुख सहित भाजपा के समस्त जवाबदेही वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करके कमल खिला कर संतोष पांडेय को सांसद चुन कर लोकसभा भेजने का संदेश दिया गया। इस विशेष बैठक में जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जोन के प्रभारी व पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं पूर्व जिला महामंत्री राजेश सिंघी, मंडल उपाध्यक्ष व जोन सह प्रभारी ढाल सिंह साहू, मंडल पूर्व महामंत्री मदन साहू, पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विमल यादव, विषेश सहयोग एकलव्य साहू, खुज्जी विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक गजेंद्र मंडावी सहित जोन के समस्त पदाधिकरी व कार्यकर्ततागण उपस्थित रहे।

वनांचल क्षेत्र में घर-घर जाकर पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया सघन जनसंपर्क

भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिये पूर्व सांसद मधु ने दिनभर किया जनसंपर्क

राजनांदगॉव (दावा)। पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने वनांचल क्षेत्र मोहला-मानपुर-चौकी जिला अंतर्गत स्थित विभिन्न ग्रामों में धुंआधार जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में प्रचार प्रसार किया। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे को भारी मतों से विजयी बनाने के अभियान में जुटे भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों से मोहला एवं चौकी विकासखंड के विभिन्न ग्रामों क्रमशः मरकाटोला, कोर्रामटोला, रेंगाकठेरा, डुन्डेरा, गोटाटोला, पीडिंगपार, खुर्सीटीकूल, मोहड़, आतरगॉव, मचानदूर में सघन जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिये प्रेरित किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव के साथ राजनांदगांव नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु सहित एम.एम.सी. जिले के प्रमुख भाजपा नेतागण चुनाव प्रभारी श्रीमती नम्रता सिंह, जिला अध्यक्ष मदन साहू, जनपद सदस्य नरसिंह भण्डारी, मंडल अध्यक्ष रतन तारम, महामंत्री कमल तापडिया सहित वरिष्ठ भाजपा नेतागण सचिन जैन, लखन कलामे, विजय जैन, ओम प्रकाश मिश्रा, राजू डोंगरे, सुरेश डोंगरे एवं साथी उपस्थित रहकर भाजपा प्रत्याशी सांसद संतोष पाण्डे के पक्ष में पूरे जोश एवं एकजुटता के साथ सतत् प्रचार प्रसार करते दिखे।

पूर्व सांसद मधुसूदन ने इन ग्रामों में सुबह 11 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक सतत् जनसंपर्क के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केन्द्रीय योजनाओं के साथ साथ छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के 15 वर्षो के स्वर्णिम कार्यकाल की उपलब्धियों को भी गिनाया और जनता से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

पूर्व सांसद मधुसूदन ने वर्तमान सांसद संतोष पाण्डे के उपलब्धियों एवं विकास एवं निर्माण कार्यो का भी उल्लेख कर क्षेत्र में भाजपा का प्रचार प्रसार किया। देर शाम वरिष्ठ भाजपा नेता मधसूदन ने स्थानीय भाजपा संगठन कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों से मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर संगठनात्मक चर्चा की और सभासदों से चुनावी प्रचार-प्रसार कार्यो में पूरी ताकत से जुट जाने का आव्हान किया।

छालीवुड कलाकार अनुज शर्मा का आज तीन स्थानों पर कार्यक्रम

डोंगरगांव (दावा)। प्रसिद्ध हॉलीवुड कलाकार तथा धरसींवा क्षेत्र के भाजपा विधायक अनुज शर्मा कल महतारी वंदन योजना के तहत डोंगरगाँव मंडल भाजपा के तीन कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

मीडिया सेल प्रभारी लल्ला यदु द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार कल 19 अप्रैल को दोपहर 11 बजे नगर के साकेत धाम (मटिया रोड), दोपहर 12 बजे ग्राम सोनेसरार, शाम 4 बजे ग्राम अर्जुनी में महतारी वंदन योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें भाजपा प्रत्याशी संतोष पाण्डेय के पक्ष में प्रचार प्रसार किया जाएगा। समस्त कार्यक्रम में पदमश्री अनुज शर्मा सहित वरिष्ठ भाजपा नेता सम्मिलित होंगे।

जसगीत की धुन पर ज्योति कलश जंवारा विसर्जन

घुमका (दावा)। चैत्र नवरात्र के महापर्व पर गौरव ग्राम घुमका में महाअष्टमी हवन के बाद बुधवार को ज्योति जवारा का विसर्जन शीतला तालाब में किया गया। घुमका में आठ घरों में ज़्योति कलश की स्थापना कर जवारा बोया गया था, बुधवार को एक साथ गांव के शीतला तालाब में ज्योति जवारा का विसर्जन बाजे-गाजे, सेवा भजन कर किया गया। इसके साथ ही शीतला मंदिर में स्थापित 27 ज्योति कलश का विसर्जन भी किया गया।

यहां के पुरातन शीतला मंदिर देवरीडीह में स्थापित 13 ज्योति कलश को मंदिर में शांत किया गया। पूरे नौ दिनों तक अंचल में भक्तिमय माहौल रहा। इस तरह अंचल के सभी देवी मंदिरों में ज्योति कलश का विसर्जन किया गया।

भाजपा आमटोला जोन स्तरीय बैठक सम्पन्न

छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल ने किया सभा को संबोधित

अम्बागढ़ चौकी (दावा)। आज ग्राम आमटोला में जोन स्तरीय बैठक में उमड़ा भाजपा कार्यकर्ताओं का जन सैलाब, आमटोला जोन के अन्तर्गत शक्ति केन्द्र जादूटोला, आमटोला, सिंघाभेड़ी, कौडुटोला चारों शक्ति केन्द्र के अंतर्गत 15 बुथ एवं उनके आश्रित ग्राम से भाजपा के जिम्मेदार कार्यकर्तागण, बुथ अध्यक्ष, सचिव, बीएलए 2, पन्ना प्रमुख सहित भाजपा के समस्त जवाबदेही वरिष्ठ कार्यकर्ता शामिल हुए। नरेन्द्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए अधिक से अधिक भाजपा के पक्ष में मतदान करके कमल खिला कर संतोष पांडेय को सांसद चुन कर लोकसभा भेजने का संदेश दिया गया। इस विशेष बैठक में लोकसभा के प्रभारी, नारायण चंदेल, अशोक चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जोन के प्रभारी व मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव, विधानसभा सह प्रभारी जगजीत सिंह भाटिया, जोन के सह प्रभारी व मंडल महामंत्री भरत भूषण राजपुत, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सतीश शमा, शक्ति केंद्र के प्रभारी संदीप मेश्राम, अरविंद बघमारे, मदन साहू, अजरूद्दीन, एवं शक्ति केंद्र के संयोजक योगमाया साहू, दिलीप साहू, पन्ना सोनी, रोहित सिन्हा, तथा बुथ अध्यक्षगण डोमेंद्र कोरेटी, बिजेंद्र बसु, संतोष ठाकुर, लक्ष्मी सिन्हा, बालीदास साहू, भीष्मदेव साहू, नरेंद्र मरकाम, कामता साहू, कुंदन साहू, अशोक निर्मलकर, गुमान चंद्रवंशी, भानु कुंजाम, देवनारायण यादव, दयालुराम सिन्हा, चुनु साहू सहित जोन के समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

साइकिल से लोकसभा क्षेत्र का प्रचार में निकले भाजपा कार्यकर्ता यस सोनी, पाडे के पक्ष में प्रचार करेंगे

डोंगरगढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र का साइकिल से भ्रमण कर भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे के पक्ष में प्रचार करने का जिम्मा जमात पारा राजनांदगांव के निवासी यस सोनी ने लिया है। श्री सोनी ने भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी संतोष पाण्डे को विजय दिलाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पार के नारे को लेकर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा में सायकल से यात्रा कर प्रचार करने का संकल्प लेकर बुधवार को डोंगरगढ़ विधानसभा के डोंगरगढ़ स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे।

कार्यालय में यश सोनी का भाजपा नेताओं ने जोरदार स्वागत कर उन्हें आगे की ओर रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सुनील जैन, लक्ष्मींनारायण अग्रवाल, हरविंदर सिंग मंगे, जसमीत बन्नोआना, रामकृष्ण कन्नौजे, राकेश अग्रवाल, सुषमा कोठारी, वत्सला श्रीवास्तव, ज्योति बड़वाईक, गुड्डी यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे, सभी ने श्री सोनी का आत्मीय स्वागत कर, आगे की सफल यात्रा के लिए उत्साह वर्धन किया।

नाली के पानी में डूबे रहने से अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु

मृत अज्ञात व्यक्ति की तलाश में पुलिस

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र पर्व के दौरान नाली के पानी में डूबे रहने से अज्ञात व्यक्ति की मृत्यु हो जाने की जानकारी प्रकाश में आई है। जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा मृत अज्ञात व्यक्ति के संबंध में सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी चाही गई है। पुलिस द्वारा मृत व्यक्ति के संबंध में यह जानकारी नहीं दी गई की मृत व्यक्ति किस स्थान में मृत पाया गया। और यह घटना कब की है। सोशल मीडिया में केवल प्रेस के साथियों से यहां पूछा गया कि, इस व्यक्ति की नाली के पानी में डूबकर मृत्यु हो गई है।

कोरोना की विपरीत परिस्थितियों के बाद भी मोदी जी के कारण देश का व्यापार फला फूला - खूबचंद पारख

डोंगरगांव (दावा)। नगर में बीते दिवस मंडल भाजपा द्वारा विधानसभा स्तरीय व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में लोकसभा चुनाव के सह समन्वयक खूबचंद पारख, सहसंयोजक दिनेश गांधी, भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजा माखिजा, उत्तम गिडिया, पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता प्रमुख वक्ता के रूप में उपस्थित थे।

व्यापारी सम्मेलन का शुभारंभ मां भारती, पं. दीनदयाल उपाध्याय तथा पं. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। पश्चात् सम्मेलन के मुख्य अतिथि व प्रखर वक्ता खूबचंद पारख ने विस्तार से वर्तमान परिस्थितियों में व्यापारियों को होने वाली समस्याओं तथा शासन से मिलने वाले मदद आदि के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यापारियों के लिए व्यापारिक कल्याण बोर्ड की स्थापना की है एवं विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत छोटे व्यापारियों को तीन लाख तक की लोन सुविधा प्रदान करने का अभिनव प्रयास किया है। इसके अलावा मध्यमवर्गीय व्यापारियों को 10-10 लाख रू. तक का मुद्रा लोन बिना गारंटी के देकर व्यापारियों का मान सम्मान बढ़ाया है।

उन्होंने कहा कि लघु उद्योग को इंडस्ट्री लगाने के लिए मोदी सरकार तथा प्रदेश की विष्णुदेव साय की सरकार ने अपने घोषणा पत्र में 50 प्रतिशत की सब्सिडी देने की घोषणा की है एवं इंटरेस्ट सब्सिडी के रूप में 40 प्रतिशत देने की घोषणा की है, जो सराहनीय कदम है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने व्यापारियों के हित में विशेष ध्यान दिया है और प्रयास किया है। श्री पारख ने कहा कि कोरोना कॉल में भी विपरित परस्थितियों के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हुआ, इसके पीछे मोदीजी की कार्यकुशलता और दूरदर्शिता ही बड़ा कारण रही है।

कांग्रेस राज्य में व्यापारी सदैव ही अपमानित रहा

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित छोटे से छोटे और बड़े से बड़े व्यापारियों के सम्मेलन में भाजपा संगठन के अनेक पदों पर रहे श्री पारख ने कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने सिर्फ व्यापारियों को जमाखोर मुनाफाखोर जैसी अशोभनीय भाषा से अपमानित किया था, आज मोदी सरकार ने इस प्रकार कलंक को व्यापारियों के ऊपर से मिटाने का काम किया। आज व्यापारी अपना सीना तानकर व्यापार कर रहा है। इस दौराने उन्होनें व्यापारियों से कहा कि उनके साथ दिनभर में अनेकों लोग मिलते जुलते हैं, जिनको मोदी की कल्याणकारी योजनाओं व कार्यो की जानकारी देते हुए देशहित में मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य सभी कर सकते हैं। उन्होनें कहा कि छोटे छोटे प्रयास से ही मोदी के अबकी बारर 400 पार के नारे को चरितार्थ किया जा सकता है, इसके लिए उन्होनें सभी व्यापारियों से सहयोग व समर्थन मांगा। इससे पूर्व सम्मेलन को दिनेश गांधी, राजा माखिजा व लक्ष्मीनारायण गुप्ता ने भी संबोधित किया।

शहर भाजपा की बूथ समिति की बैठक संपन्न अपने बूथों को मजबूत करने पर हुई चर्चा

भारतीय जनता पार्टी
विधानसभा डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ (दावा)। शहर भाजपा की बूथ समिति की बैठक भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें अपने अपने बूथों को मजबूत करने हेतु चर्चा की गयी। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, सुनील जैन, हरविंदर सिंग मंगे, कुलवंतसिंगकक्कड़, अमित जैन, लक्ष्मींनारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, महेंद्र अग्रवाल,, उमामहेश वर्मा, अमित बोस, अनिल पाण्डे, मोंटी भाटिया, अमित छाबड़ा, मुन्नू बाबा, तुलसी मिश्रा, राकेश अग्रवाल, विनीत यादव, सत्यप्रकाश मिश्रा, वीरेन्द्र सोनी, खोरबहरा सिन्हा, जसमीत सिंह बन्नोआना, मनोजगुप्ता, रमन डोंगरे, कमलेश उजवने, लक्ष्मी यादव, सुषमा कोठारी, वत्सला श्रीवास्तव, ज्योति बड़वाईक सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी प्रमुखो के मध्य विचार विमर्श कर बूथ मजबूती की रूपरेखा तैयार की गयी।

पहला कॉलम...

सोने-चांदी की कीमतों में लग सकती है आग

नई दिल्ली । सोने की कीमतें आसमां छू रही हैं। अगर कीमतें ऐसी ही बढ़ती गई तो बहुत जल्द सोने की कीमत 1 लाख रुपए तक जा सकती है। ईरान-इजरायल में तनाव के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना अपने नए ऑल टाइम हाई पर है। भारतीय सर्राफा मार्केट में बहुत जल्द एक लाख रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है। 24 कैरेट का 10 ग्राम सोना 73750 रुपये (दिल्ली सर्राफा बाजार) पर पहुंच गया है। कई एक्सपर्ट अनुमान लगा रहे हैं कि हालात इसी तरह के बने रहे तो वह दिन दूर नहीं जब गोल्ड की कीमत 1 लाख रुपये पार कर जाएगी। पूरी दुनिया में मंदी के आसार दिख रहे हैं। भारत व कुछ अन्य विकासशील देशों को छोड़ दें तो बाकियों की स्थिति कमोबेश यही है। गोल्ड मंदी में सपोर्ट का काम करता है, इसलिए इसके दाम भी ऊपर जा रहे हैं। अमेरिका का केंद्रीय बैंक अगर रेट कट करता है, जिसकी उसने घोषणा की है, तो डॉलर में निवेश घटेगा और लोग कमोडिटी की ओर जाएंगे. गोल्ड कमोडिटी का किंग है। इसी प्रकार चांदी की कीमत 86,000 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई है। अब इसके 1-1.25 लाख रुपये तक पहुंच जाने की उम्मीद जताई जा रही है। सिल्वर में तेजी का अनुमान लगाने वाले बुल्स के पास अपनी दलील है।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज कुंद्रा की 97 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अभिनेता शिल्पा शेट्टी के पति और व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ एडल्ट फिल्मों के निर्माण और प्रसार के संबंध में दर्ज मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर एक्शन लिया है। ईडी ने बताया कि पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत रिपु सूदन कुंद्रा उर्फ राज कुंद्रा से संबंधित 97.79 करोड़ रुपये की अचल और चल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है।

कुर्क की गई संपत्तियों में जुहू स्थित एक आवासीय फ्लैट शामिल है जो वर्तमान में पत्नि शिल्पा शेट्टी के नाम पर है। वहीं, पुणे स्थित आवासीय बंगला और इक्विटी शेयर राज कुंद्रा के नाम पर है।

भारत बनेगा वैश्विक विकास का इंजन

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और संयुक्त राष्ट व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं भारत को भविष्य में वैश्विक आर्थिक विकास के संभावित इंजन के रूप में देखती हैं, क्योंकि देश सबसे तेजी से बढ़ती उभरती अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि चीन की जीडीपी वृद्धि दर 2024 में 4.6 प्रतिशत आंकी गई है जिसके 2025 में और धीमी होकर 4.1 प्रतिशत रहने की संभावना है। आईएमएफ की जारी विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट ने न केवल 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि का अनुमान 0.3 प्रतिशत बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत कर दिया, बल्कि देश को एक उम्मीद की किरण भी बताया है जो मध्यम अवधि में वैश्विक विकास का समर्थन करता है जिसका फायदा दूसरे देशों को भी होगा।रियल एस्टेट क्षेत्र में गिरावट और अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण चीन के पिछड़ने के साथ आईएमएफ की रिपोर्ट कहा गया है कि भारत और ब्राजील जैसे अन्य बड़े उभरते बाजार वाले जी20 देश वैश्विक व्यापार प्रणाली में एक बड़ी भूमिका निभाएंगे और वैश्विक विकास को आगे बढ़ाएंगे।

आईएमएफ की रिपोर्ट भारत की आर्थिक नीति पर भी मुहर लगाती है क्योंकि यह मजबूत विकास दर का श्रेय मजबूत घरेलू मांग को देती है, जो ग्रामीण मांग के पटरी पर लौटने के साथ राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों और बिजली संयंत्रों जैसी बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर सरकारी खर्च में भारी वृद्धि के कारण बनी है।

क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ होंगे यूएसए टीम के हेड कोच

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 का आगाज 1 जून से होने जा रहा है। इस बार इस मेगा टूर्नामेंट की मेजबानी अमेरिका और वेस्टइंडीज के पास है। विश्व कप के लिए जल्द ही सभी देश अपनी-अपनी टामों का ऐलान कर सकते हैं। वहीं अब फैंस की नजरें भी सभी टीमों के स्क्वाड पर टिकी है। वहीं इससे पहले एक टीम को नया हेड कोच मिल चुका है। जी हां हम बात कर रहे हैं यूएसए टीम की। टी20 विश्व कप 2024 से पहले इस टीम को पूर्व ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज क्रिकेटर के रूप में नया हेड कोच मिला है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर स्टुअर्ट लॉ अब टी20 विश्व कप 2024 से पहले यूएसए टीम के हेड कोच बन गए हैं। अब स्टुअर्ट लॉ अगले महीने से होने वाली यूएसए और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज में कोचिंग करते हुए दिखाई देंगे। स्टुअर्ट लॉ को कोचिंग का काफी ज्यादा अनुभव है। श्रीलंका, बांग्लादेश, वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमों के साथ लॉ ने काम किया है। यूएसए क्रिकेट टीम का हेड बनने के बाद स्टुअर्ट लॉ ने बताया कि मेरे लिए यूएसए क्रिकेट में शामिल होना अच्छा अवसर है। हम इस टीम के साथ बहुत काम करेंगे।

रोमांचक मैच में मुंबई ने दर्ज की जीत, पंजाब को नौ रन से हराया, ऑलआउट हुई मेजबान टीम

स्पोर्टस डेस्क। आईपीएल 2024 के 33वें मैच में मुंबई इंडियंस ने पंजाब किंग्स को नौ रनों से हराकर अंक तालिका में सातवां स्थान प्राप्त कर लिया। अब टीम के खाते में छह अंक हो गए हैं जबकि पंजाब की टीम चार अंकों के साथ नौवें स्थान पर बनी है। इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इसके जवाब में पंजाब की टीम 183 रन बना सकी और 19.1 ओवर में ऑलआउट हो गई। मुंबई के लिए गेराल्ड कोएत्जी और जसप्रीत बुमराह ने घातक गेंदबाजी की। दोनों ने तीन-तीन विकेट हासिल किए। बुमराह को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

पंजाब का शीर्ष क्रम फेल हुआ

193 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत झटकों के साथ हुई। टीम ने 14 गेंदों के स्कोर पर चार विकेट खो दिए थे। पांचवां झटका हरप्रीत सिंह के रूप में लगा जो सिर्फ 13 रन बना सके। इस मैच में सैम करन ने छह, प्रभसिमरन सिंह ने शून्य, रिली रूसो ने एक, और लियाम लिविंगस्टोन ने एक रन बनाया। इस मैच में हरप्रीत सिंह और शशांक सिंह के बीच 35 रन की साझेदारी हुई। शशांक दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 41 रन बनाने में कामयाब हुए।

आशुतोष शर्मा ने जड़ा पचासा

मुंबई के खिलाफ आशुतोष शर्मा ने आक्रामक प्रदर्शन किया। उन्होंने मात्र 28 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 217.85 के स्ट्राइक रेट से दो चौके और सात छक्के लगाए। यह उनके करियर का पहला अर्धशतक है। हालांकि, वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। इस मैच में जितेश शर्मा ने नौ, हरप्रीत बराड़ ने 21, कगिसो रबाडा ने आठ और हर्षल पटेल ने एक (नाबाद) रन बनाए। मुंबई के लिए आकाश मधवाल, हार्दिक पांड्या और श्रेयस गोपाल को एक-एक विकेट मिला।

सूर्या का रहा दबदबा

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 192 रन बनाए। इस मैच में सूर्यकुमार यादव ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने आईपीएल करियर का 23वां अर्धशतक लगाया।

360 डिग्री बल्लेबाज ने सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से 78 रन बनाए। मुंबई को पहला झटका ईशान किशन के रूप में लगा जो सिर्फ आठ रन बना सके। उन्हें रबाडा ने अपना शिकार बनाया। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए सूर्या ने रोहित के साथ दूसरे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी निभाई। रोहित शर्मा ने 25 गेंदों में 36 रन बनाए। अपने 250वें आईपीएल मैच में उन्होंने दो चौके और तीन छक्के लगाए। इसके बाद सूर्या ने तिलक वर्मा के साथ तीसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी निभाई। उन्हें सैम करन ने 148 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा। इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए हार्दिक पांड्या सिर्फ 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

हर्षल पटेल को मिले सबसे ज्यादा विकेट

पंजाब के खिलाफ तिलक वर्मा ने भी आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 188.88 के स्ट्राइक रेट से 34 रन बनाए। इस नाबाद पारी के दौरान उनके बल्ले से दो चौके और दो छक्के निकले। आखिरी ओवर में हर्षल पटेल ने कहर बरपाया। उन्होंने तीन विकेट चटकाए।

इंडोनेशिया में धधक रहा है रुआंग ज्वालामुखी; सुनामी का खतरा

जकार्ता। इंडोनेशिया में रुआंग ज्वालामुखी एक्टिव नजर आ रहा है और इसमें लगातार गतिविधियां देखने को मिल रही हैं। इंडोनेशिया के अधिकारियों ने रुआंग ज्वालामुखी में विस्फोट से बड़े क्षेत्र में राख फैलने के बाद बुधवार को सुनामी का अलर्ट जारी किया है। अधिकारियों ने 11 हजार से ज्यादा लोगों को इलाका छोड़ने का निर्देश दिया गया है। इंडोनेशिया ज्वालामुखी विज्ञान और भूवैज्ञानिक आपदा केंद्र ने कहा सुलावेसी द्वीप के उत्तर में स्थित ज्वालामुखी में बीते 24 घंटे के दौरान कम से कम पांच बड़े विस्फोट हुए हैं।

अधिकारियों ने ज्वालामुखी अलर्ट का स्तर बढ़ाकर उच्चतम कर दिया है। कम से कम 800 निवासी बुधवार तक इलाका छोड़ चुके थे। अधिकारियों ने पर्यटकों और अन्य लोगों से रुआंग ज्वालामुखी से कम से कम छह किलोमीटर दूर रहने का आग्रह किया है। अधिकारियों को चिंता है कि ज्वालामुखी का एक हिस्सा समुद्र में गिर सकता है जिससे सुनामी आ सकती है, जैसा 1871 के विस्फोट में हुआ था। ज्वालामुखी पर नजर रखने वाले इंडोनेशिया के एक अधिकारी हेरुनिंगत्यास देसी बुधवार (17-04-2024) को बताया था माउंट रुआंग में विस्फोट द्वीप पर हाल ही में आए भूकंपों की वजह से हो रहा है।

अमेरिका में फिर हुई भारतीय नागरिक की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में एक बार फिर भारतीय नागरिक की मौत हो गई है। इस बार मामला थोड़ा अलग है। मिली सूचना के मुताबिक अवैध तरीके से अमेरिका आने वाले एक भारतीय नागरिक की अटलांटा के एक अस्पताल में मौत हो गई है। जिस शख्स की मौत हुई है उसे भारत प्रत्यर्पित किया जाना था। अमेरिकी प्रवासन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (ढ्ढष्टश्व) विभाग ने बताया कि न्यूयॉर्क में भारतीय वाणिज्य दूतावास को 57 वर्षीय जसपाल सिंह की मौत के बारे में जानकारी दे दी गई है। साथ ही उसके परिजनों को भी इसके बारे में सूचित कर दिया गया है। आईसीई ने बताया कि 15 अप्रैल को अटलांटा के एक अस्पताल में जसपाल सिंह की मौत हो गई।

क्या विश्व कप के लिए अमेरिका आ रहे धोनी?

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में इन दिनों टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा से लेकर टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी तक कमाल का प्रदर्शन कर रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से फैंस का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। आईपीएल के बाद टीम इंडिया को टी20 विश्व कप खेलना है। जिसको लेकर जल्द ही टीम इंडिया का ऐलान भी हो सकता है। जिससे पहले भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने एमएस धोनी और दिनेश कार्तिक को लेकर बड़ी बात कही है।

रोहित शर्मा ने क्लब फायर पॉडकास्ट में एडम गिलक्रिस्ट और माइकल वॉन के साथ बातचीत करते हुए बताया कि जिस तरह से इस सीजन एमएस धोनी और दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी कर रहे हैं मैं उससे काफी ज्यादा प्रभावित हूं। जैसे धोनी ने आखिरी में महज 4 गेंद खेली और 20 रन बनाए उन्होंने बहुत प्रभाव डाला। वैसे धोनी को वेस्टइंडीज आने के लिए मनाना मुश्किल रहेगा, क्योंकि वे इंजर्ड हैं। हालांकि वे अमेरिका आ रहे है लेकिन वे गोल्फ खेलने के लिए आएंगे। इसके अलावा मुझे लगता है वेस्टइंडीज आने के लिए दिनेश कार्तिक को मनाना आसान होगा।

आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक आईपीएल 2024 में कमाल की बल्लेबाजी कर रहे हैं और फिनिशर का रोल अच्छे से निभा रहे हैं। जिस तरह से दिनेश ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की उसके बाद से उनको टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम इंडिया में शामिल करने की मांग उठने लगी है। वहीं दिनेश कार्तिक के प्रदर्शन से प्रभावित होकर रोहित ने कहा कि टी20 विश्व कप के लिए दिनेश कार्तिक काफी अच्छा विकल्प हो सकते हैं। रोहित शर्मा के इस बयान के बात लग रहा है कि बीसीसीआई सेलेक्टर्स दिनेश कार्तिक के नाम पर चर्चा कर सकते हैं। क्योंकि दिनेश का हालिया फॉर्म काफी शानदार है और उनके पास काफी अनुभव भी है।

क्या इम्पैक्ट प्लेयर नियम ऑलराउंडर्स को कर रहा खत्म?

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के बीच इम्पैक्ट प्लेयर नियम काफी ज्यादा चर्चा का विषय बन गया है। इस नियम के तहत हर मैच के लिए सभी टीमों के पास 5 इम्पैक्ट प्लेयर होते हैं। जिसमें से टीम एक खिलाड़ी को यूज कर सकती है। हर मैच में टीम इस नियम के तहत एक खिलाड़ी का प्रयोग करती है। अगर किसी टीम को मैच के दौराम बल्लेबाज की जरूरत पड़ी है तो टीम इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में एक खिलाड़ी का यूज करती है जिसके बाद प्लेइंग इलेवन के एक खिलाड़ी को मैदान से बाहर बैठना पड़ता है।

वहीं अगर किसी टीम को गेंदबाज की जरूरत होती है तो टीम गेंदबाज का प्रयोग करती है। भले ही आईपीएल में सभी टीम इस नियम का भरपूर फायदा उठा रही हो लेकिन इस नियम का सीधा असर ऑलराउंडर्स पर देखने को मिल रहा है। जो टीम इंडिया के लिए सही नहीं है।

टीम इंडिया पर पड़ रहा असर

टीम इंडिया आईपीएल 2024 के बाद टी20 विश्व कप 2024 खेलने वाली है। इस टूर्नामेंट में बीसीसीआई एक मजबूत टीम चुनना चाहेगी लेकिन इससे पहले टीम इंडिया के सामने एक बड़ा सवाल ये है कि अगर हार्दिक पांड्या पूरी तरह से फिट नहीं होते हैं तो उनके जैसा तेज गेंदबाजी और बल्लेबाजी करने वाला दूसरा ऑलराउंडर कौन है?

हालांकि भारत के पास रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल जैसे ऑलराउंडर्स हैं लेकिन ये दोनों ही खिलाड़ी स्पिन गेंदबाजी करते हैं। जबकि ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड जैसी टीमों के पास सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर्स की भरमार है। ऐसे में माना जा रहा है कि इम्पैक्ट प्लेयर नियम ऑलराउंडर्स के प्रभाव को खत्म कर रहा है। इस नियम पर कई भारतीय पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सवाल उठा चुके हैं।

क्या होता हैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम?

इम्पैक्ट प्लेयर नियम आईपीएल 2023 में लागू हुआ था। इसके तहत सभी टीमों को टॉस के दौरान अपने 5 इम्पैक्ट खिलाड़ियों के नाम देने होते हैं। मैच के दौरान टीम इम्पैक्ट प्लेयर का यूज करती है। मैच में सभी टीम इस नियम के तहत केवल बार ही खिलाड़ी को बदल सकती है।

आईपीएल 2024 के दौरान देखा गया है कि बहुत सारे खिलाड़ियों ने इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आकर टीम को जीत दिलाई है। केकेआर और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले गए मैच में जोश बटलर भी इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने उतरे थे, इस दौरान बटलर ने शानदार शतक लगाकर राजस्थान को जीत भी दिलाई थी।

हत्या के आरोपी को पकड़वाने में एफबीआई देगी 2 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। अमेरिकी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) की ओर से भारतीय मूल के एक व्यक्ति पर ढाई लाख अमेरिकी डॉलर (2.09 करोड़ रुपए) का इनाम रखा गया है। व्यक्त गुजरात का रहने वाला है, जो अमेरिका में अपनी पत्नी की हत्या के बाद से फरार है। एजेंसी ने कहा है कि वह लगातार भद्रेशकुमार चेतनभाई पटेल नामक आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। सूचना देने वाले की पहचान भी गुप्त रखी जाएगी।

एफबीआई को आखिरी बार आरोपी के न्यू जर्सी के नेवार्क इलाके में होने की जानकारी मिली थी। 12 अप्रैल 2015 को आरोपी ने मैरीलैंड के हनोवर में एक डोनट (तली आटा पेस्ट्री) की दुकान पर अपनी पत्नी का कत्ल किया था। दोनों दुकान पर साथ काम करते थे। पत्नी का नाम ऐनी अरुंडेल काउंटी था, जिसका मामूली बात पर आरोपी ने कत्ल कर दिया था।

एफबीआई के अनुसार उसने पत्नी के सिर पर भारी चीज से कई वार किए थे। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ 13 अप्रैल को वारंट जारी किया गया था। उसके खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज हुआ था। एफबीआई की ओर से कहा गया है कि आरोपी शायद यूएस से बाहर भाग गया है। उसने फ्लाइट के जरिए देश छोड़ा है। 20 अप्रैल 2015 को आरोपी के खिलाफ डिस्ट्रिक्ट ऑफ मैरीलैंड, यूनाइटेड स्टेट्स डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, मैरीलैंड, बाल्टीमोर में कॉमन अरेस्ट वारंट जारी किए जा चुके हैं। लेकिन आरोपी का सुराग नहीं लग पा रहा है।

प्रथम पेज का शेष

पहले चरण में 102 सीटों पर...

पहले चरण में मताधिकार प्राप्त 16.63 करोड़ मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष और 8.23 करोड़ महिला तथा 11,371 उभयलिंगी मतदाता हैं। पहली बार मतदान करने वाले 35.67 लाख मतदाताओं ने वोट डालने के लिए पंजीकृत किया है। इसके अतिरिक्त 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। पहले चरण में भाग्य अजमाने के लिए 625 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे है, जिनमें से 1491 पुरुष और 134 महिला उम्मीदवार हैं।

आप विधायक अमानतुल्लाह खान...

इसके बाद खान ईडी के सामने पेश हुए थे. जांच के दौरान अमानतुल्लाह के करीबियों के ठिकानों से कैश बरामद हुए थे. अमानतुल्लाह के करीबियों के घर पर रेड के दौरान एक डायरी भी मिली थी, जिसमें अमानतुल्लाह द्वारा देश-विदेश में करोड़ों रुपये के लेन-देन का जिक्र भी था. इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने सितंबर 2022 में अमानतुल्लाह से पूछताछ की. इसी के आधार पर,ष्ठक्चने चार जगहों पर छापे मारे. करीब 24 लाख रुपये कैश बरामद किया गया. इसके अलावा, दो अवैध और बिना लाइसेंस की पिस्टल मिली थी. कारतूस और गोला-बारूद भी बरामद किया गया था. बाद में अमानतुल्लाह को गिरफ्तार कर किया गया था. बाद में उन्हें उन्हें 28 दिसंबर 2022 को जमानत पर रिहा कर दिया गया.

भूपेश ने नक्सलियों के...

द्वारा जारी किया गया पत्र भी दिखाया। कांग्रेस हमेशा झूठ और भ्रम फैलाने का काम करती है, उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल के नेता राहुल गांधी ने भी सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगे थे । उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि देश के खिलाफ बड़ा षड्यंत्र माओवादी रच रहे हैं और दुर्भाग्य से हमारे ही बीच के कुछ लोग उनका मनोबल बढ़ाने वाला बयान देते हैं। लेकिन, हम इसे कतई बर्दाश्त नही करेंगे और वह चाहे कोई भी व्यक्ति या संगठन हो, प्रदेश सरकार सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश से आतंकवाद, नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जोरो पर है। कश्मीर में धारा 370 हटी, तो वहां शांति और विकास आया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद खत्म करने के प्रति केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह गंभीर हैं। प्रदेश सरकार उनके मार्गदर्शन में आगे बढ़ रही है। बस्तर में शांति बहाल हो, खूनखराबा बंद हो, यह हमारी प्राथमिकता है हम इसके लिए आज भी बातचीत का रास्ता अपनाने को तैयार है। श्री शर्मा ने कहा कि यह दुर्भाग्यजनक है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे बघेल जवानों के शौर्य को अपमानित कर रहे हैं। उनको कम-से-कम ऐसा नहीं कहना चाहिए। भूपेश बघेल अपने बयान के लिए जवानों, बस्तर फाइटर के जवानों, बीएसएफ के जवानों और सीआरपीएफ के जवानों से माफी मांगें। श्री शर्मा ने कहा कि झीरम घाटी कांड को लेकर राहुल गांधी ने पहले यही बात बिलासपुर में कही थी। भूपेश बघेल ने तो कहा था कि झीरम घाटी के सबूत मेरी जेब में रखे हैं, तो आज तक जेब में ही क्यों रखे बैठे हैं, निकालते क्यों नहीं।

कांकेर मुठभेड़ : मोहला-मानपुर में ....

कांकेर में 2 दिन पहले मुठभेड़ में पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीम ने 29 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस इस घटना में बड़े नक्सली नेताओं के मारे जाने का दावा कर रही है। अब इस घटना में नक्सलियों की तरफ से प्रेसनोट जारी किया गया है। नक्सलियों की तरफ से जारी इस प्रेसनोट में 29 के मारे जाने की पुष्टि की गई है। नक्सलियों की क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन की प्रवक्ता रामको हिचाली के हस्ताक्षर से जारी इस बयान में 27 नक्सलियों की पहचान बताई गई है। इस लिखित बयान में यह भी कहा गया है कि पुलिस जिन लोगों के मारे जाने का दावा कर रही है वे नाम सही नहीं है।

बता दें कि पुलिस 29 नक्सलियों में 16 शवों की पहचान कर लिए जाने का दावा कर रही है। पुलिस के अनुसार इनमें दो इनामी माओवादी शामिल है, जिनकी पहचान मोहला दलम कमांडर विनोद गावडे और दिवाकर गावडे के रूप में की गई। दिवाकर गावडे पर पुलिस ने 16 लाख का इनाम रखा हुआ था। शंकर राव डीवीसीएम उत्तर बस्तर डिवीजन मास प्रभारी, रजीता पति शंकर राव उत्तर बस्तर डिवीजन, ललिता डीवीसीएम परतापुर एरिया कमेटी प्रभारी, दिवाकर गावडे मोहला दलम कमांडर, विनोद गावडे दलम कमांडर, जुगनी उर्फ मालती परतापुर एरिया कमेटी, माधवी उत्तर बस्तर डिवीजन, सुकलाल- परतापुर एरिया कमेटी, श्रीकांत परतापुर एरिया कमेटी, रूपी मेढ़की एलओएस कमांडर, रमशीला- उत्तर बस्तर डिवीजन थी। बाकी बचे 13 मृतक नक्सलियों की पहचान की जा रही है। टॉप कमांडर की मौतबताया जा रहा है कि 29 नक्सली मारे गए, जिसमे से लगभग 18 नक्सली का शव बरामद कर लिए गया है। मुठभेड में टॉप कमांडर शंकर राव, ललिता और राजू सहित कई बडे नक्सली नेता भी मारे गए है। शंकर राव पर 25 लाख का इनाम घोषित था। ललिता पर 10 लाख का इनाम था। साथ ही मौके से भारी मात्रा में हथियार बरामद किया गया।

बीच आईपीएल में सीएसके को लगा झटका, ड्वोन कॉन्वे पूरे सीजन से बाहर

चेन्नई। आईपीएल का करीब आधा सीजन निकल गया है। टीमें एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगी हैं, ताकि वे प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर पाएं। जहां एक ओर कुछ टीमों सीजन अच्छा जा रहा है, वहीं कुछ के लिए बहुत खराब। इस बीच अब रुतुराज गायकवाड की कप्तानी वाली चेन्नई सुपरकिंग्स को झटका लगा है। ड्वेन कॉन्वे पूरे आईपीएल सीजन से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह टीम ने रिप्लेसमेंट का भी ऐलान कर दिया है। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन को टीम में शामिल किया गया है।

ड्वोन कॉन्वे पिछले दिनों चोटिल हो गए थे। सीएसके के लिए पिछले दो साल से खेल रहे कॉन्वे को लेकर पहले ही इस तरह की खबरें आ रही थीं कि वे कम से कम आधा सीजन मिस कर सकते हैं। हालांकि उम्मीद थी कि वे बाद में वापसी कर जाएंगे, लेकिन अब खबर आई है कि वे पूरी सीजन के लिए ही बाहर हो गए हैं। साल 2023 के आईपीएल में ड्वोन कॉन्वे ने अपनी टीम के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए थे।

रिचर्ड ग्लीसन इंग्लैंड के तेज गेंदबाज

कॉन्वे की गैरहाजिरी में सीएसके की ओर से ऐलान किया गया है कि रिचर्ड ग्लीसन को टीम में लिया गया है। वे तेज गेंदबाजी करते हैं और इंग्लैंड के लिए टी20 इंटरनेशलन में 6 मैच खेलकर 9 विकेट लेने का काम कर चुके हैं। इस बीच कॉन्वे के ना होने पर न्यूजीलैंड के ही रचिन रवींद्र कप्तान रुतुराज गायकवाड के साथ पारी का आगाज कर रहे हैं और अब तक ठीकठाक प्रदर्शन भी कर रहे हैं। अब देखना ये होगा कि रिचर्ड ग्लीसन के आने के बाद क्या चेन्नई सुपरकिंग्स को उनको प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की जरूरत पड़ती है या नहीं।

चेन्नई की टीम तीसरे स्थान पर

पहली बार आईपीएल में सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड संभाल रहे हैं। उनकी कप्तानी में टीम अब तक 6 मैच खेल चुके हैं और इसमें से उसे 4 में जीत मिली है, वहीं दो मैच टीम हारी है। टीम के पास 8 अंक हैं और प्वाइंट्स टेबल में टीम तीसरे स्थान पर है। अब तक किए गए प्रदर्शन के आधार पर उम्मीद की जा रही है कि टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी। देखना होगा कि बाकी मैचों में कैसा खेल टीम दिखाती है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने की नवरात्र में सेवा

डोंगरगढ़ (दावा)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा चैत्र नवरात्र पर्व पर प्रत्येक दिवस के रात्रि में मां बम्लेश्वरी मंदिर में सेवा कार्य किया गया। बता दे मां बम्लेश्वरी शक्तिपीठ जो कि राजनांदगांव ज़िले के डोंगरगढ़ नामक स्थान पर दुर्गम पहाड़ी पर विराजमान हैं। जहां नवरात्र के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ दर्शन लाभ के लिए लगती है। साथ ही दूर-दूर से पदयात्री मातारानी के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ आते है जहां प्रशासन बड़ी मुस्तैदी के साथ भक्तजनों को दर्शन कराने का भरकस प्रयत्न करती है साथ ही मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट भी श्रद्धालुओं के लिए सुगम दर्शन के लिए व्यवस्था बनाती है।

अभाविप राजनांदगांव जिला संयोजक अमन बृज नामदेव ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत के स्टुडेंट फार सेवा कार्य के माध्यम से मां बम्लेश्वरी शक्तिपीठ मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय सेवा कैंप लगाकर श्रद्धालुओं को बेहतर दर्शन सुविधा उपलब्ध कराई जिसमे प्रत्येक रात्रि को अलग अलग नगर के कार्यकर्ता एकम के दिन डोंगरगढ़, दूज की रात्रि को डोंगरगढ़ एलबी नगर के 20 कार्यकर्ता, तीज की रात्रि को डोंगरगांव राजनांदगांव नगर के 30 कार्यकर्ता, चतुर्थ के रात खैरागढ़ व मोहला के 40 कार्यकर्ता, पंचमी के रात्रि में रायपुर के 30 कार्यकर्ता, षष्टमी में दुर्ग के 30 कार्यकर्ता, सप्तमी की रात्रि को कवर्धा के 35 कार्यकर्ता , अष्टमी को पुनः डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नीचे चिरपानी टीन सेड में व सीढ़ियों के स्टॉपर के पास उप्पर मंदिर के अंदर यात्रियों के भिड़ को संभालने का कार्य एवं एस.एफ.एस, एस.एफ.डी. के माध्यम से प्लास्टिक मुक्त मंदिर परिसर अभियान चलाया जिसमे यात्रियों से पॉलिथीन लेकर कपड़े व कॉटन वाले झोले का वितरण भी किया साथ ही श्रद्धालुओं के लिए जल की व्यवस्था एवं अनेक सेवा के कार्य करने अभाविप कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह से लगे रहे। जिसमें मुरमुंदा के भावेश साहू, आशु राजनांदगांव के जीत प्रजापति आनंद मानिकपुरी, पदुमतरा के थानेश्वर साहू, लवकुश साहू, ने घर से दूर रहकर पूरा 9 दिन मातारानी के सेवा में अपना समय दिया साथ ही प्रमुख रूप से प्रदेश सह मंत्री तुषार चंद्रवंशी, जिला संयोजक अमन बृज नामदेव, दुर्ग विभाग संयोजक पलाश घोष, डोंगरगांव नगर मंत्री पंकज यादव, खैरागढ़ नगर मंत्री गुलशन पटेल, मोहला नगर मंत्री भुवनेश्वर भारद्वाज, एल बी नगर नगर मंत्री भूपेंद्र यदु,रायपुर महानगर मंत्री प्रथम फूटने साहिल रात्रे, धन्नू वर्मा, अभिषेक रात्रे, क्षत्रपाल पटेल, पंकज सोनी, आदित्य मिश्रा, ऋषि बक्शी, गजेंद्र साहू, हुमेश साहू, सहित अन्य सभी कार्यकर्ता सेवा में लगे रहे।

रानी मंदिर में भगवान श्री राम जी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

राजनांदगांव (दावा)। चैत्र शुक्ल नवमी तिथि शुभ योग 17 अप्रैल 2024 बुधवार को रियासत कालीन प्राचीन रानी मंदिर छुईखदान में भगवान श्रीराम जी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर समिति के संरक्षक लतारानी लाल जे.के.वैष्णव ने जानकारी दी कि सुबह मंदिर परिसर को सजाकर भजन मंडली द्वारा रामायण में भगवान श्री राम जी के जन्मोत्सव के विशेष संदर्भ में भजन गाते हुए बाजे गाजे, शंखध्वनि, घंटा ध्वनि आतिशबाजी कर दोपहर बारह बजे धूमधाम से भक्तों द्वारा जन्मोत्सव मनाया गया। सर्वप्रथम बारह बजे आरती कर भय प्रगट कृपाला दीन दयाल कौशिल्या हितकारी स्तुतिगान पश्चात विभिन्न व्यंजनों पूड़ी, गुराम, हल्वा, खीर पंजरी, पंचामृत, मिठाई, मेवा फल का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के.वैष्णव ने राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे सहस्त्रनाम ततुल्यं श्री रामनाम वरानने मंत्रजप पाठ के महत्तम को बताया। इस अवसर पर अनिल पुजारी, सुप्रिया सचिन महोबिया, दिनेश मुकेश महोबिया, योगेश महोबिया, लाल सूर्याशीष, प्रशांत श्रीवास्तव, जितेन्द्र देवांगन, शिवेन्द्र किशोर दास, संजय लल्ला, दीपक यादव, जितेन्द्र किशोर वैष्णव, गणेश वैष्णव, पूजा रीनू महोबिया, संध्या महोबिया, भारती यादव, निशा चन्द्रकला नामदेव, कविता पिंकी राजपूत, लतारानी वैष्णव, आयुषी तिवारी, बिट्टी बन्नो नामदेव सहित बड़ी संख्या में भक्तजन द्वारा जय श्री राम, जय श्री सीताराम का उद्घोष कर मंदिर परिसर गुंजित रहा। 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को हनुमानजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाये जाने की जानकारी देते हुए लाल जे.के. वैष्णव ने बड़ी संख्या में भक्तों से उपस्थिति की अपील की है।

जनसंपर्क के दौरान नव मतदाताओं से मिले विक्रांत

खैरागढ़ (दावा)। राजनांदगांव लोकसभा से सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय के पक्ष में प्रचार के लिए प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य व खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से छाया विधायक विक्रांत सिंह लगातार जनसंपर्क अभियान में लगे हुए हैं इसी क्रम में खैरागढ़ ग्रामीण मण्डल के अंतर्गत आने वाले बाजार अतरिया व डुंडा - चंदेनी में डोर टू डोर जाकर जनता से भाजपा के लिए वोट मांगे।

भाजपा को वोट देने की अपील

जनसंपर्क की शुरुआत ग्राम अतरिया में नथेला मंदिर में पूजा अर्चना के साथ की। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हमको राजनांदगांव समेत पूरे छत्तीसगढ़ और भारत के भाग्य का फैसला करना है। जिसके लिए भाजपा की एक बार फिर सरकार बनाना जरूरी है। भाजपा सरकार गरीबों के हितों को ध्यान में रखते हुए निरंतर कार्य कर रही है। हमारी भाजपा सरकार गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने और उनके घरों से अंधेरा मिटाने और उसमे खुशहाली की रोशनी लाने के लिए विभिन्न योजनाएं लाई है। भाजपा ने 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने की गांरटी ली है। साथ ही गरीबों के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए पोषण युक्त भोजन और आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। इतना ही नहीं गरीबों को मुक्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना भी लाई है जिससे गरीबों का बिजली का बिल जीरो हो जाएगा इतना ही नहीं अतिरिक्त बिजली उत्पादन करके वह उसे बेचकर लाभ भी कमा सकते हैं। विक्रांत सिंह ने कहा कि हम सब मिलकर चुनाव के लोकपर्व में शामिल हो और मोदी जी का साथ दें।श्री सिंह ने कहा कि मोदी जी के प्रयासों से करीब 500 वर्षों के बाद अयोध्या में प्रभु अपने घर वापस आए है। इस रामनवमी के अवसर पर हम सब मिलकर एक बार फिर से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें। इस दौरान भाजपा नेता विकेश गुप्ता, हरप्रसाद वर्मा,केशलाल वर्मा, आशीष पारख, देवकुमार सेन, पूर्णाचन्द गुप्ता सहित भाजपाई उपस्थित थे।

भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई, सरकारी नौकरी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसे मूलभूत मुद्दे ही गायब - अभिमन्यु मिश्रा

राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने भाजपा के घोषणापत्र पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इतिहास में पहली बार ऐसा देखने को मिला है कि किसी पार्टी के घोषणापत्र से मूलभूत मुद्दे ही गायब हैं जैसे कि मेंहंगाई पर क्या करने वाले हैं 2014 में तो 100 दिनों में मेंहंगाई कम करने की फर्जी गारंटी के साथ सत्ता में आगये थे लेकिन आज 2014 में मुकाबले देखें तो मेंहंगाई आसमान छू रही है, इसके साथ ही सरकारी नौकरियों का कोई जिक्र नही है रेलवे में ही अकेले 3 लाख पद खाली हैं लेकिन 2019 के बाद से भर्ती नहीं निकली ऐसे ही देशभर में 30 लाख सरकारी पद खाली हैं उनको भरने का कोई रोडमैप नही, स्वस्थ के नाम पर सिर्फ एम्स बनवाने की बात कही है जो दावा इतना झूठा है कि पिछले दिनों 5 साल पहले मोदी जी द्वारा लोकार्पण किये जाने के बाद भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने भरे मंच से झूठ कहा कि 95 प्रतिशत काम हो चुका है जिसके बाद कांग्रेस व सी पी आई एम नेता ने झूठे दावे के पर्दाफाश करते हुए दिखाया कि aiims मदुरै के कैंपस में बाउंड्री वाल और बोर्ड के अलावा कुछ नही है aiims दरभंगा का भी यही हाल है और तो और aiims के नाम पर झूठे वोट मांगने वाले उसके संस्थापक नेहरू जी को गालिया देते हैं, किसानों की प्रमुख मांग एमएसपी का कोई जिक्र नही है न मणिपुर का कोई जिक्र है न लद्दाख का, महिलाओं के लिए भी इसमें कुछ नही है न ही जातिगत जनगणना के कोई जिक्र है जो कि 2021 से पेंडिंग है केवल झूठे तथ्य बताए गए हैं 25 करोड़ को गरीबी के बाहर इन्होंने निकल लिया कहते हैं जिसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं है फिर ये भी कहते हैं कि 80 करोड़ को मुफ्त राशन देते हैं मतलब 80 करोड़ गरीब ही हैं ये इनकी बातें समझ से बाहर है असल मे तो इनके घोषणापत्र का नाम माफीनामा होना चाहिए। दूसरी ओर कांग्रेस ने महगाई नियंत्रित करने की बात कही है, एम एस पी की गारंटी दी है किसानों की कर्ज माफी के लिए अलग से औयोग स्थापित करने की बात कही है, 30 लाख सरकारी पद भरने का काम करेंगे हर एक युवा को कम से कम एक लाख की नौकरी की गारंटी, महिलाओं को सशक्त करने नारी न्याय के तहत 50 प्रतिशत आरक्षण व महालक्ष्मी न्याय योजना के तहत हर परिवार की एक गरीब महिला को एक लाख सालाना देने की बात कही है, स्वास्थ्य के मामले में 25 लाख तक के मुफ्त इलाज की बात कही है, जातिगत जनगणना कराने की बात कही है मणिपुर में शांति स्थपित करने की बात कही है साथ ही लद्दाख को भी जनजातीय क्षेत्र संविधान के छठे schedule में शामिल करने की बात कही है। भाजपा 10 साल शासन करने के बाद भी अपने कामो पर वोट नही मांग पा रही है और केवल हवा हवाई बातों के भरोसे है यह मोदी की गारंटी नही मोदी का धोखा है और वो इसलिए क्योंकि इनकी पुरानी गारंटियों की बात करें तो सभी फेल रही हैं चाहे 2 करोड़ रोजगार की बात हो, डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूत करने की बात हो, 100 स्मार्ट सिटी तो नही बनी लेकिन चीन के स्मार्ट गांव जरूर बन गए भारत की धरती पे और प्रधानमंत्री झूला झूलते रहे, स्पेशल टास्क फोर्स बना कर विदेश से काला धन लाने वाले थे और देश मे ही इलेक्टोरल बांड से पैसा छुपाने की नौबत आगयी सुप्रीम कोर्ट ने जब लताड़ लगाई तब खुलासा हुआ उसी राम मंदिर का फैसला जब सुप्रीम कोर्ट देता है तो ये कहते हैं कि हमने बनाया और वही कोर्ट जब इनके इलेक्टोरल बांड और नोटेबन्दी के घोटालों पर बोलता है तो वो बुरा हो जाता है, 100 दिन में गरीबी दूर करने वाले थे आज आंकड़ें छुपाने की नौबत आगयी, नार्थ ईस्ट में स्पेशल कानून व्यवस्था करने वाले थे आज मणिपुर के हालात सबके सामने हैं यहां तक के महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में भी बेहद बढ़ोतरी आई है भाजपा के खुद के कई नेता यौन शोषण के आरोपो में लिप्त हैं कई अपराधी भी करार दिए जा चुके हैं, भाजपा को तो माफीनामा जारी कर माफी मांगनी चाहिए इस देश के युवा से किसान से महिलाओं से गरीब से हर एक दलित से उनपर जो अत्याचार हुआ है उसपर माफी मांगनी चाहिए जनता अब मोदी के झांसे में आने वाली नही है वे जान चुकी है कि इनके दिखाने के दांत और खाने के और हैं इनकी असली नियत सिर्फ अपने व्यापारी मित्रो की मदद करना है चंदा इकट्ठा करना है और देश मे वैमनस्यता फैलाना है भाई भाई को एक दूसरे से लड़ाना है और किसी भी तरह बस राज करना है, देश मे इस बार भाजपा के जुमले पर न्याय भारी है यह साफ है।

अंबेडकर ने खुली हवा में सांस लेने की अधिकार दिलाया- अरविंद नेताम

छुरिया (दावा)। गत 16 अप्रैल को बौद्ध समाज एवं सर्व आदिवासी समाज ब्लाक इकाई छुरिया के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर भवन छुरिया में पहली बार भारतरत्न भारतीय संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जन्मोत्सव समारोह मनमोहक मांदर नृत्य, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ऐतिहासिक रैली के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रांताध्यक्ष अरविंद नेताम थे।

अध्यक्षता महिला सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित समाज सेवी मधुलिका रामटेके ने किया। विशेष अतिथि गोंडवाना गोंड़ महासभा छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, ओबीसी महासभा के संस्थापक गौतम साहू, गोंड़वाना गोंड़ महासभा छत्तीसगढ़ के संयुक्त सचिव उदय नेताम, राजनांदगांव के समाजसेवी कन्हैया लाल खोब्रागढ़े, बौद्ध समाज महिला प्रभाग के अध्यक्ष पूनम जामूर्या, समाज सेवी एस.पी. टेमरे, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े एवं समाज सेवी गौतम काण्डे रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध एवं डॉ.भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा व छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात अतिथियों का बैच, नीला गुलाल एवं नीला गमछा भेंट कर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि अरविंद नेताम ने कहा कि जो हालात आज देश में निर्मित हो रहा है ऐसे स्थिति में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को फिर से जन्म लेना चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर ने हमारे देश को विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान दिया है। भारतीय संविधान निर्माण समिति में डॉ.भीमराव अम्बेडकर से ज्यादा विदवान एवं पढ़े- लिखे सदस्य कोई भी नहीं थे। भारतीय संविधान बहुत अच्छा संविधान है लेकिन उनको लागू करने वाले अच्छे नहीं रहेंगे तो सर्वश्रेष्ठ भारतीय संविधान सार्थक नहीं रहेगी। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के कारण ही हम खुले हवा में सांस ले पा रहे हैं इसे हमें महसूस करने की आवश्यकता है। आज देश में संविधान बदलने की चर्चा हो रही है इसलिए इस देश में कुछ भी हो सकता है। इस देश में ऐसे विचारधारा के लोग भी हैं जो सर्वश्रेष्ठ भारतीय संविधान को नहीं मानते। ऐसे विचारधारा के लोगों से भारतीय संविधान को खतरा है। ऐसे विचारधारा के लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। जो लोग बाबा साहब अंबेडकर के नाम लेने से भी परहेज किया करते थे तथा बाबा साहब को कभी आत्मसात नहीं किया।

छुरिया में डॉ.अम्बेडकर जन्मोत्सव समारोह पर निकली ऐतिहासिक रैली

वही लोग बाबा साहब के नाम को जपते घुम रहें हैं। उदारीकरण होने से पूंजीपति वर्ग को फायदा हुआ है।ये महात्मा गांधी का देश है यहाँ उदारीकरण नहीं होना चाहिए। आज देश में आरक्षण एवं अनुसूचित जनजाति जनजाति अत्याचार अधिनियम को खत्म करने की बात हो रही है। अगर आरक्षण एवं एस. टी. एस.सी एक्ट खत्म हो जाती है तो इससे अनुसूचित जाति, जनजाति,पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को सबसे ज्यादा नुकसान होगा। हमने पेशा कानून बनाया लेकिन अभी भी इस कानून को धरातल पर लागू नहीं किया गया। पेशा कानून के माध्यम से आदिवासियों के जीवन के आधार जल-जंगल-जमीन को आसानी से बचाया जा सकता है। श्री नेताम ने लोगों से भारतीय संविधान के प्रति हमेशा सतर्क एवं वफादार रहने का आव्हान किया। अध्यक्ष की आसंदी से मधुलिका रामटेके ने कहा कि सभी भारतीय महिलाओं को भारतीय संविधान का गहन अध्ययन करना चाहिए। सभा को संबोधित कर विशेष अतिथि गौतम साहू, उदय नेताम, कन्हैया लाल खोब्रागढ़े एवं पूनम जामूर्या ने लोगों को भारतीय संविधान से मिले संवैधानिक अधिकार एवं भारतीय संविधान के प्रति सदैव सजग एवं वफादार रहने का आव्हान किया। स्वागत भाषण एस.पी.टेमरे, संचालन सालिक कौचे एवं दिनेश कुरेटी दिलेर तथा आभार प्रदर्शन सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष पवन कुमार चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वाचन कर भारतीय संविधान को मूलरूप में बचाये रखने का शपथ लिया गया। समता सैनिक दल के सदस्यों, उदघोषक द्वय सालिक कौचे एवं दिनेश कुरेटी दिलेर का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर बौद्ध समाज के संरक्षक द्वय जनक लाल चौधरी, टीकाराम लाऊत्रे, अध्यक्ष बीरसिंग टेम्बूरकर, उपाध्यक्ष मनीराम सहारे, सचिव उद्दल सहारे, कोषाध्यक्ष अनिल बाघमारे, सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष पवन चन्द्रवंशी, उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सोरी, सचिव देशराम कोर्राम, उदेसिंह कोमरे, नंदकुमार गोंड़िया, राजेश नेताम,धर्मिन बाई लाऊत्रे, गीता बाघमारे, संगीता वाल्दे, नंदनी बाघमारे, चन्द्रिका कमलेश्वर आदि सहित बौद्ध समाज एवं सर्व आदिवासी समाज के लोग सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सचिव द्वय उद्दल सहारे एवं देशराम कोर्राम ने दी।

पदुमतरा श्री राम मंदिर में धूमधाम से मनी रामनवमी

राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के पदुमतरा में श्री राम मंदिर में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्री राम मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया कि मंदिर में समिति के सदस्य व ग्रामवासियों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया गया व उनके बाद समिति द्वारा राहगीरों व ग्रामीणों के लिए प्रसादी व पोहा व ठंडा शर्बत वितरण किया गया इस दौरान, ओमप्रकाश साहू, परदेशी सोनबोइर, राकेश साहू, चंद्रकांत साहू, फटिस साहू, पवन महोबिया, राकेश गौतम, पूनम देवांगन, केशव साहू, रवि ठाकुर, कालू राम साहू, ओमकार साहू, सोनू साहू, रंजीत साहू, शत्रुहन यादव, उत्तम साहू, दुर्गा साहू, हरिकिशन सेन, सुकलाल साहू, कुंजलाल साहू, भुवन साहू, सुनील साहू, रितेश सिन्हा, विमल साहू, सुनील साहू, सहित समिति सदस्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

साक्षी ने न्योता भोज में परोसा ‘सोन पापड़ी’

राजनांदगांव (दावा)। बुचीभरदा स्कूल में आयोजित ‘‘न्योता भोज’’ में शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजन घर पर नये ट्रेक्टर खरीदने के उपलक्ष्य में कक्षा-4 की छात्रा कु. साक्षी साहू द्वारा किया गया उन्होंने मध्याह्न भोजन के अतिरिक्त अन्य व्यंजन परोसा और खुद बच्चों के साथ भोजन किया।

दरअसल प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में खास मौके पर दानदाता पौष्टिक आहार का दान कर सकते हैं ताकि बच्चों को और ज्यादा आहार-पोषण मिल सके। राजनांदगांव विकासखंड के सुरगी संकुल केन्द्र के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बुचीभरदा के बच्चों को दैनिक रूप से परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन में दाल, भात एवं सब्जी के अतिरिक्त ‘‘सोन पापड़ी’’ परोसा गया।

भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियाँ छलक रही थी। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक राकेश सोनी, प्रधान पाठक पुर्व माध्यमिक शाला चांताराम साहू, दानदाता - साक्षी साहू, शिक्षकगण विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी, मैडम लेमत भूआर्य के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया के साथ ही साथ स्कूली छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

जिले में कुल 53 डाक मतपत्र प्राप्त

राजनांदगांव (दावा)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनिवार्य सेवा श्रेणी के मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए सुविधा केन्द्र स्थापित किया गया था।

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत राजनांदगांव जिले में 53 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र में विशेष संवाहक द्वारा 47 डाक मतपत्र एवं डाक द्वारा प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या (सेवा मतदाताओं से प्राप्त ईटीपीबी) 6 है। इसी तरह 22,23 एवं 24 अप्रैल 2024 को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक जिला कार्यालय कलेक्टर परिसर राजनांदगांव कक्ष क्रमांक 51 में पुलिस, होमगार्ड एवं वन विभाग के सुरक्षा कर्मी, ड्राइवर, क्लीनर, एफएसटी, एसएसटी टीम एवं अन्य जिले में पदस्थ कर्मचारी तथा अनिवार्य सेवा मतदाता डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करेंगे।

हायर सेकेण्डरी कुमर्दा में वंदना गुहा प्रथम स्थान में रही

कुमर्दा (दावा)। हायर सेकेण्डरी कुमरदा में अल्पना एवं प्रेरणा प्रथम स्थान में रही हायर सेकेण्डरी कुमरदा का परीक्षा परिणाम प्राचार्य मिलापदास साहू ने घोषित करते हुए सफल विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी, असफल विद्यार्थियों को निराश न होकर अपनी असफलता के कारण को दूर कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

ग्रीष्मकालीन अवकाश में अगले वर्ष की पुस्तकों के साथ ही साथ कम्प्यूटर सामान्य ज्ञान अच्छी पुस्तक को पढ़ने की नसीहत दिया। कक्षा 9 वीं का परीक्षा परिणाम 60 प्रतिशत एवं ग्यारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा कक्षा 9 वीं में कुमारी हेमा 87 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त की कुमारी नेहा दितीय एवं कुमारी कुसुमलता तृतीय स्थान प्राप्त की।

ग्यारहवीं वाणिज्य संकाय में कुमारी अल्पना 92.20 प्रतिशत कुमारी तनूजा 91.20 प्रतिशत एवं कुमारी नीलम 81.40 प्रतिशत अंक प्राप्त की। ग्यारहवीं विज्ञान संकाय में कुमारी वंदना गुहा 93.20 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा एवं शाला में प्रथम रही कुमारी प्रेरणा श्रीवास 92.20 प्रतिशत द्वितीय एवं कुमारी तरूणा 88 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान में रही इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी मनोज शर्मा अखिल पटेल बसंत यादव वी के वैष्णव सुरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

फिर एक बार
मोदी सरकार
सपने नहीं हकीकत बुनते हैं
तभी तो सब मोदी को चुनते हैं...
भारतीय जनता पार्टी, छत्तीसगढ़

यह चुनाव हार-जीत का नहीं, लोकतंत्र बचाने के लिए है - राधिका खेड़ा

भाजपा का घोषणा पत्र नहीं, मोदी जी का है फोटो एलबम

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी प्रखर वक्ता राधिका खेड़ा ने गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता लेते हुए कहा कि आज हम एक बहुत ही भीषण चुनाव के समय में है देश में ये चुनाव किसी को जिताने या किसी को हराने के लिए नहीं है बल्कि यह चुनाव संविधान को बचाने के लिए है क्योंकि लगातार भाजपा के सांसद सार्वजनिक रुप से इस बात को बल दे रहे हैं कि हमें 400 पार सीटें जीतनी हैं, वह इसलिए, क्योंकि हमें संविधान बदलना है।

संविधान को मोदी इसीलिए बदलना चाह रहे हैं क्योंकि उन्हें आरक्षण हटाना है, लोगों से उनके विरोध करने का अधिकार छीनना है, सब कुछ अड़ानी अंबानी को बेच देना है, और कोई सवाल ना कर सके। मीडिया को बंद करना है ताकि वो भी सवाल ना उठा सके। खेड़ा ने कहा कि भाजपा के मैनिफेस्टो में मोदी जी का 48 बार फोटो आता है। कांग्रेस के मैनिफेस्टो में राहुल जी की मात्र 3 बार फोटो है, इसीलिए यह भाजपा का मैनिफेस्टो नहीं है ये मोदी जी का फोटो एल्बम है। कांग्रेस ने कहा कि हम 3 लाख रिक्त पदों को भरेंगे। वहीं भाजपा के मैनिफेस्टो में नौकरियों का जिक्र ही नहीं हैं।

समाप्त होगी अग्निवीर योजना

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा का मिशन 2047 मतलब मोदी जी ने आज से 23 साल बाद करने की बात किए हैं। देश के जवानों को जो 18 साल की उम्र में अग्निवीर बनेंगे उन्हें 22 साल की उम्र में रिटायरमेंट कर देंगे। कांग्रेस पार्टी ने वादा किया है, व गारन्टी दी है कि इस योजना को समाप्त किया जाएगा। हमने किसानों को एम एस पी पर लीगल गारन्टी, स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू करने खेती किसानी यंत्रों को जीएसटी के दायरे से दूर किया जाएगा और कर्ज माफी के लिए एक अलग से आयोग बनाया जाएगा। क्योंकि भाजपा का किसानो पर आंसू गैस के गोले, किसान आंदोलन में 800 किसान शहीद हो गए। खेड़ा ने भाजपा के संकल्प पत्र पर कहा कि इसमें मोदी जी ने रोजगार की बात नहीं की। 20 करोड़ रोजगार आज भी बकाया है। उन्होंने इस पर मोदी जी को लक्षित करते हुए कहा कि किसी को आप एक बार मूर्ख बना सकते हैं, दो बार मूर्ख बना सकते हैं, बार-बार अगर आप किसी को मूर्ख बनाने की सोच रहे हैं तो आप स्वयं मूर्ख है, जनता मूर्ख नहीं है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को कठपुतली मुख्यमंत्री कहा और तो और उन्होंने राजनांदगांव की महापौर श्रीमती हेमा देशमुख के सामने यह कह दी कि राजनांदगांव की सड़कें ठीक नहीं है।

लापता हैं चर्चित सांसद

कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि पिछले पांच सालों में केन्द्र सरकार के खिलाफ किसान जमीन पर आंदोलन कर रहे हैं। छात्र युवा आंदोलन कर रहे हैं। जवान आंदोलन कर रहे हैं, पहलवान आंदोलन कर रहे हैं। जवान आंदोलन कर रहे हैं, ट्रेड यूनियन आंदोलन कर रहे हैं।, रेलवे के बीएसएनएल के एलआईसी के जीतने भी केंद्रीय कर्मचारियों में प्राइवेटाइजेशन के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं। हर तरफ लोग आंदोलित हैं। राजनांदगांव की हालत यह है कि जनता को यहां के सांसद का नाम तक पता नही है। चर्चित लापता सांसद के बारे में जनता बोल रही है कि 5 साल में एक भी बार दिखाई नहीं दिए। जनता के हितों से बेसुध भी रहे इसलिए सबक सिखाने का मौका मिला है जिसे चूकेंगे नहीं। राधिका खेड़ा ने भाजपा को हर मुद्दे पर घेरते हुए तथा तथ्य परख बाते रखते हुए पत्रकार साथियों के प्रश्नों का सटीक जवाब भी दिया। प्रेसवार्ता में प्रदेश महामंत्री शाहिद भाई महापौर हेमा देशमुख, प्रदेश प्रवक्ता रुपेश दुबे, प्रदेश स. महामंत्री आलोक चंद्राकर, मीडिया समन्वयक ऋषभ चंद्राकर, शुभम शुक्ला आदि उपस्थित थे।

झीरम घाटी घटना की सच्चाई जनता को बताएं बघेल-खूबचंद पारख

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा लोकसभा चुनाव सहसमन्वयक खूबचन्द पारख ने आज हमारे जाबांज सिपाहियों द्वारा कांकेर में 29 नक्सलियों को मार गिराए जाने पर सुरक्षा बलों की कामयाबी पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा सरकार की सभी नीतियां स्पष्ट रहती है।

नक्सलवाद का खात्मा करना भाजपा की स्पष्ट नीति का शुरू से ही अंग रहा है। श्री पारख ने कहा कि कांकेर में सुरक्षा बलों के साथ लगातार 5 घंटे चली मुठभेड़ में नक्सली लीडर शंकर राव सहित दो और इनामी नक्सली मारे गए, जिस पर कांग्रेस के प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि यह फर्जी मुठभेड़ है, भूपेश बघेल के इस बयान पर कड़ी आपत्ति करते हुए श्री पारख ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा पूर्व में इसी तरह के विरोधाभासी बयान सामने आए थे परंतु बाद में उन्होंने फिर से बयान बदलकर यू टर्न ले लिया। श्री पारख ने कहा कि कांग्रेसियों को पहले घटना की गंभीरता पर विचार कर लेना चाहिए तब बयान देना चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इस मामले में नए नेता नहीं है, इसलिए ऐसी बचकाना बयान की उम्मीद उनसे नहीं की जा सकती। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री पारख ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही देश विरोधी शक्तियों के साथ खड़े हो जाती है, इस मामले में भी भूपेश बघेल का नक्सलियों को साथ देना अपने आप में सिद्ध करता है कि उनकी मानसिकता कैसी होगी। श्री पारख ने कहा कि झीरम घाटी में 29 नेता मारे गए थे, तब भूपेश बघेल ने कहा था कि झीरम घाटी की घटना सबूत उनकी जेब में है। 5 वर्षों तक सत्ता में रहने के बाद वह सबूत जेब से बाहर क्यों नहीं निकला? इसका जवाब क्षेत्र की जनता जानना चाहती है श्री बघेल इस संदर्भ में जनता के सामने सच्चाई प्रकट करें। कांग्रेस की द्वारा नक्सलियों के प्रति हमेशा धूलमूल रवैया अपनाया जाना उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता हैं, जिसकी जितनी निंदा की जाये वह कम हैं।

राजनांदगांव की जनता को प्रकृति ने अवसर दिया-अभिषेक सिंह

राजनांदगांव (दावा)। नन्दई स्थित मतदाताओं की सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि विगत 5 वर्षों में भूपेश बघेल ने राजनांदगांव की जनता का हमेशा मजाक उड़ाया और विकास कार्यो के लिए उपेक्षा की। ऐसे भूपेश बघेल को प्रकृति ने वापस राजनांदगांव की जनता के बीच खड़ा कर दिया, और अब अवसर है राजनांदगांव की जनता के पास।

यहां की जनता समझदार है, उन्होंने कहा कि इसका उदाहरण विधानसभा चुनाव में उनके सहपाठी ने मतदाताओं को लुभावने के लिए विभिन्न प्रलोभन दिए गए परंतु राजनांदगांव संस्कारधानी है, यहां के मतदाताओं ने समझदारी से वोट दिया और डॉ. रमन सिंह को 46000 से अधिक वोटों की लीड देकर विजयी बनाया। उन्होंने मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी 26 अप्रैल को भी मतदाता सूझबूझ का परिचय देते हुए कांग्रेस प्रत्याशी को करारा जवाब देंगे। कन्हारपुरी और नंदई की सभा में तरूण लहरवानी, कोमल सिंह राजपूत, हकीम खान, उत्तम गिड़िया, गोलू गुप्ता, प्रखर श्रीवास्तव, अरूण साहू, भानू साहू, विजय राय, विजय हरिहारनो, मनोज यादव, सुरेन्द्र सोनकर, गणेश साहू, मीना यादव, कमलेश प्रजापति, जवाहर सिन्हा, चिंटू सोनकर, नरेश साही, दिनेश हिरवानी, ताराचंद साहू, सोहन साहू, दीपक निर्मलकर, प्रकाश मार्कण्डेय, सुनिता साहू, दीपक निर्मलकर, पारुल जैन, रवि सिन्हा, मधु बेद, मनीष गोलछा, जैनम वैध, बालू भंसाली, प्रखर श्रीवास्तव, पिंटू वर्मा, एकता अग्रहरि, गोलू सूर्यवंशी, गीतेश गुप्ता, मनोज बैद, राजु तंवर, इरफान शेख, जहीर खान, इमरान बीबा, अरुण साहू, आकाश चोपड़ा, आशीष डोंगरे, सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

शहर में बाजे-गाजे के साथ निकाली श्री राम नवमी की भव्य शोभायात्रा

लगे जय- जय श्री राम के जयकारे, शोभायात्रा का धूमधाम के साथ हुआ नगर भ्रमण, फूल बरसा कर किया गया स्वागत अभिनन्दन

राजनांदगांव (दावा)। शहर में गुरुवार 18 अप्रैल को श्रीराम जन्मोत्सव पर्व की खुशी में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा बाजे-गाजे के साथ भव्य श्री राम नवमी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सकल समाज के लोगों सहित बड़ी संख्या में हिंदू धर्मानुआईयो व सनातन धर्मियों की उपस्थिति रही।

दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक से दोपहर तीन बजे धूमधाम के साथ निकली इस शोभायात्रा में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की मनोहारी झांकी लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र बना हुआ था। वहीं आदिवासी नृत्य सहित राम रस में भीगे श्रद्धालु-भक्त जनों का बैंड बाजे के धून में नाचते-झूमते चलना भी लोगों को प्रभावित करते रहा। श्री राम जन्म की खुशी में निकली उक्त भव्य शोभा यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों की उपस्थिति लोगों के मन को आह्लादित कर रहा था। वहीं भगवान श्री राम की भक्ति में उनके मुख से निकले भगवान श्री राम के जयकारे वातावरण में गुंजायमान बना रहा था।

बता दें कि हिंदू धर्म के शास्त्र-पुराणों के अनुसार चैत्र मास के मधुमास पुनिता के दिन भगवान श्री राम अभिजीत मुहूर्त में जन्म लिए थे। उस पवित्र दिन की याद में समस्त सनातन धर्मी जन व सकल विश्व के हिन्दू समुदाय के लोग मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर्व को धूमधाम के साथ मनाया जाता है। श्री राम नवमी पर्व को लेकर लोगों में कल से हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ था। आज श्री राम नवमी प्रसंग पर शहर में श्रीराम नवमी भव्य शोभायात्रा निकाले जाने पर लोगों का उत्साह दो गुना हो गया। शोभायात्रा में इसके संयोजक अनूप श्रीवास सहित विहिप के विभागीय मंत्री अरूण गुप्ता, प्रशांत सोनी, नन्दू साहू, राधेश्याम गुप्ता, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, त्रिगुण सादानी, प्रशांत दूबे लाल मुनाई आदि सहित बड़ी संख्या में हिंदू धर्मानुआई उपस्थित थे।

शोभायात्रा का स्वागत

शोभायात्रा में राजनांदगांव के लोकप्रिय विधायक व छ0ग0 विधानसभा सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नीलू शर्मा, कोमल सिंह राजपूत, राजेंद्र गोलछा, राजेश गुप्ता अग्रहरि, तरुण लहरवानी, माधुरी जैन व अन्य भाजपा नेत्रियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा के लोग सनातन धर्मी जन शामिल हुए और शोभा यात्रा में भगवान श्री राम चंद्र जी की पूजा अर्चना व हार फूल चढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया इस दौरान शोभायात्रियों में फूल भी बरसाए गए। इस दौरान राजनांदगांव के लोकसभा विधायक डॉ रमन सिंह का श्री राम नवमी शोभायात्रा समिति के नंदू साहू द्वारा पीत दुशाला ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इससे डॉ, सिंह अभिभूत नजर आए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्टाल लगाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया और लोगों में शीतल पेय सहित आइस्क्रीम, चाकलेट व स्वल्पाहार बांटे गए।

धूमधाम के साथ नगर भ्रमण

श्री रामनवमी शोभा यात्रा जै-जै श्री राम लिखे सैकड़ों भगवा झंडों के साथ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से पूजा-पाठ के पश्चात निकली तो जय- जय श्री राम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। सैकड़ों की संख्या में शामिल भक्त जनों की उपस्थिति में यह शोभायात्रा जयस्तंभ चौक होते हुए मानव मंदिर चौक पहुंचे तो लोगों द्वारा शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद गांधी चौक, दुर्गा चौक होते हुए सदर बाजार रोड, भारत माता चौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, सुरजन गली से होकर कामठी लाईन, हलवाई लाईन, आजाद चौक से होते हुए गुड़ाखू लाईन पहुंची। इस दौरान इन जगहों पर जहां महिलाओं ने भगवान श्री रामचन्द्र जी की मनोहारी झांकी की आरती उतारी वहीं उपस्थित लोगों ने शोभा यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके बाद शोभायात्रा के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पहुंचने पर महाप्रसादी वितरण के साथ इसका का हर्षोल्लास के साथ समापन किया गया।

105 वर्षीय सदाराम साहू ने किया घर पर मतदान

राजनांदगांव (दावा)। छतीसगढ़ निर्वाचन आयोग के योजना के तहत लोकसभा चुनाव 2024 में बुजुर्गो को घर पर वोट करने की सुविधा इस बार भी मिली रही है इसी सिलसिले में बूथ 176 रामपुर निवासी मोहभट्ठा 105 वर्षीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सदाराम साहू ने भी घर पर ही वोट डाला, इसके लिए तहसीलदार आकांक्षा साहू, नायब तहसीलदार वसीम सिद्धकी, पटवारी किशोर वाकड़े, विजय साहू, किशोर यादव, घनश्याम यादव, दिनेश साहू, रितेश सिन्हा उपस्थित रहे। साथ ही जिले की टीम पोस्टल बैलेट और बॉक्स के साथ घर पर पहुंची और मतदान प्रक्रिया पूर्ण की। सेनानी श्री साहू ने यह संदेश भी दिया कि सभी को इस चुनाव त्योहार में जरूर भाग लेना चाहिए सबको मतदान करना चाहिए।

समोसे के विवाद में ट्रेन में सफर कर रहे युवक की गई जान

पुलिस ने 48 घंटे के भीतर हत्या की गुत्थी सुलझाई

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी थाना क्षेत्र में रेल्वे पटरी पर मिली एक युवक की लाश को हत्या के मामले वाली गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। सोमनी थाना प्रभारी कृष्णा पाटिल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में उनके थाना के अंतर्गत ग्राम मौहाभाटा और मुड़ीपार रेलवे ट्रैक के मध्य एक युवक की लाश मिली जिसकी गुत्थी को 24 घंटे के अंदर सुलझा लिया गया है। उन्होंने बताया कि थाना सोमनी के मर्ग क्रमांक 20/24 कायम कर जांच मे लिया गया अज्ञात युवक की पतासाजी हेतु सोमनी टीम को लगाया गया था। प्रारंभिक जांच मे अज्ञात युवक की ट्रेन से गिरकर ही मौत होना प्रतीत हो रहा था किन्तु पता साजी के दौरान मृतक कि पहचान समीर महानंद पिता वरुण महानंद उम्र 14 वर्ष निवासी गोपाल नगर थाना गुडियारी रायपुर के रूप मे हुई।

जांच के दौरान तथ्य सामने आया कि समीर की मौत ट्रेन से गिरने की वजह से नही बल्कि उसके ही साथी नाबालिग बालक उम्र 14 वर्ष निवासी रायपुर के ट्रेन मे समोसे को लेकर विवाद होने के कारण ट्रेन से ढकेल देने के कारण हुई है। जिस पर थाना सोमनी मे अपराध क्रमांक 95/24 धारा 302 भादंवि के तहत मामला दर्ज हुआ और विधि से संघर्षरत बालक उम्र 14 वर्ष निवासी गोपाल नगर रायपुर को गोपालनगर रायपुर को पूछताछ करने पर उसने अपना जुर्म करना स्वीकार किया। जिसे विधिवत बाल किशोर न्याय मे पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह राज. भेजा गया इस कारवाही में निरीक्षक कृष्णा पाटले, उपनि जलालुदीन खान, आर. शहबाज सिद्दीकी, विकास, मनोज ठाकुर, विनोद महिलांगे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

राजनांदगांव रत्न से सम्मानित हुए डॉ. डी.सी.जैन

राजनांदगांव (दावा)। वरिष्ठ समाज सेवी 91 वर्षीय डॉ. श्री डी.सी. जैन का राजनांदगांव रत्न की उपाधि देकर श्री बागेश्वर धाम उत्सव भवन में15 से अधिक संस्थाओं के समाजसेवियों की उपस्तिथि में सम्मान किया गया।

उक्त जानकारी देते हुए संयुक्त सेवा समिति के सेवकों पंकज गंप्ता, सौरभ खण्डेलवाल, सूरज गुप्ता, मनीष यादव, योगेश साहू ने बताया की बागेश्वर धाम उत्सव भवन व मंदिर परिसर में पिछले 3 वर्षो से 6 क्वांर व चैत्र नवरात्र में श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट, बाल रत्न गौ सेवा समिति, दिया संगठन गायत्री परिवार द्वारा पदयात्रियों की सेवा की जा रही है, इसके साथ साथ विभिन्न धार्मिक ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं, सेवा शिविर, पुस्तकें वितरण, स्वास्थ्य शिविर भी पदयात्री सेवा में पण्डाल लगायें जाते है। नगर की अनेक सेवा भावी संस्थाएं यहां अपनी सेवा देती है।

इसी तारतम्य में माँ बम्लेश्वरी पदयात्री सेवा पंडाल समिति द्वारा रामनवमी के दिन समाज सेवा में अपनी बहूमूल्य सेवा देने वाले संस्कारधानी के एक समाज सेवी को राजनांदगांव रत्न की उपाधि देकर सम्मान करने का निर्णय लिया। जिसके लिए इस वर्ष सभी सहयोगी संस्थाओं से परामर्श कर संस्कारधानी के 91 वर्षीय समाजसेवी, जो कि वर्तमान में भी इस उम्र में समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण और सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वरिष्ठ समाजसेवी डॉ डी.सी. जैन को यह सम्मान, मुख्य अतिथिगण, सूर्यकांत चितलांग्या (ट्रस्टी गायत्री परिवार), मन्नूमल मोटलानी (अध्यक्ष पूज्य सिंधी पंचायत), मनोज बैद (अध्यक्ष सकलजैन समाज), राजा माखीजा (समाजसेवी), हरजीत सिंह भाटिया (वरिष्ठ नागरिक संघ) तथा विशिष्ट अतिथि गुरूमुखदास वाधवा (अध्यक्ष बढ़ते कदम), आत्माराम कोशा (साहित्यकार, वरिष्ठ पत्रकार), रमेश भोजवानी (योग वेदांत समिति), गिरीश ठक्कर (कवि, लेखक), कोमल सिंह राजपूत, भागचंद गिड़ीया, (समाजसेवी) अधिवक्ता राकेश ठाकुर (शनिधाम), राजेश शर्मा (पूर्व सैनिक संघ) व अध्यक्षता रामावतार जोशी, सोहन लाल गुप्ता, (संरक्षक) राहुल अग्रवाल अध्यक्ष (बालरत्न गौ सेवा समिति) व अन्य उपस्थित समाज सेवकों आयोजन समिति अध्यक्षद्वय संदेश जैन, श्रीमती मधु खण्डेलवाल, उपस्थित श्री जैन के परिवारजन, नागरिकों, महिलाओं की उपस्तिथि में अतिथियों द्वारा राजनांदगांव रत्न प्रतीक चिन्ह, शॉल श्रीफल देकर प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत भारतीय परंपरानुसार तिलक लगाकर व गमछा पहनाकर किया गया। स्वागत भाषण पंकज गुप्ता द्वारा दिया गया। श्री जैन का जीवन परिचय, कार्यो, सेवाओं का पठन श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा किया गया। अतिथिगण सूर्यकांत चितलांग्या, मन्नूलाल मोटलानी, राजा माखीजा, गिरीश ठक्कर, कोमल सिंह राजपूत, द्वारा भी श्री जैन के जीवन व सेवाओं व इस उम्र में भी सेवा कार्यो में सक्रियता की सराहना व विशेषकर शिवनाथ नदी में किये गये प्रशंसनीय विकास की सभी ने तारीफ की। आयोजन में कोमल सिंह राजपूत के जन्मदिवस पर सभी ने उन्हें बधाई दी। सम्मान समारोह का सफल संचालन सौरभ खण्डेलवाल व आभार प्रदर्शन अध्यक्ष संदेश जैन द्वारा किया गया व नौ कन्याओं स्वरूप लगभग 40 कन्याओं को भोज व उपस्थित सभी भक्तो के द्वारा भंडारा प्रसादी ग्रहण करने के पश्चात आयोजन का समापन हुआ। उक्त जानकारी आयोजन समिति के विजय गुप्ता, अजय गुप्ता, योगेश साहू द्वारा दी गई।

शक्ति भू-जल विशेषज्ञ
जमीन के नीचे
आधुनिक जर्मनी मशीन द्वारा भू-गर्भ
जल स्रोत खोज विशेषज्ञ
100 % वैज्ञानिक विधि द्वारा जांच
7987256455, 9407608684

वर्मा कृषि सेवा केन्द्र
कृषि संबंधित सभी प्रकार की दवाईयां, ड्रीप खाद, उन्नत किश्मों के बीज एवं बैटरी स्पेयर के विक्रेता
मो.-7000634780
9893896964
पुराना गंज चौक लखोली रोड
आई.सी.आई.सी. आई. बैंक के सामने राज.

ASHISH
ANNEX
साड़ियां
शेरवानी
कोर्ट,शूट
लाचा
किड्स
वियर
KAMPTHI LINE,RAJNANDGAON (C.G.)

आवश्यकता है
दैनिक अखबार हेतु विज्ञापन मार्केटिंग कार्य के लिए कुशल लड़के की
संपर्क समय- प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक
संपर्क करें
दैनिक दावा बलदेव बाग, राजनांदगांव

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com